दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 313 जयपुर, रविवार, 22 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**भाजपा-कांग्रेस के कई प्रत्याशी मैदान में:** भाजपा की दूसरी तो कांग्रेस की पहली सूची जारी

# गहलोत सरदारपुरा... राठौड़ तारानगर, पायलट टोंक और वसुंधरा राजे झालरापाटन से प्रत्याशी

## अब तक भाजपा के 124 और कांग्रेस के 33 नाम घोषित, दल बदलने वाले भी उतारे

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा और कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए अपनी चिर प्रतीक्षित सूचियां शनिवार को जारी कर ही दी। भाजपा ने दूसरी और कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की। अपनी दूसरी सूची में भाजपा ने 83 प्रत्याशियों को टिकट थमाए, तो इसके कुछ देर बाद कांग्रेस ने 33 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। दोनों पार्टियों की सूची में कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। बता दें, अब तक दो सूचियों में भाजपा 200 में से 124 प्रत्याशी मैदान में उतार चुकी है। वहीं कांग्रेस ने सिर्फ 33 ही विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। बाकी सीटों पर कांग्रेस का मंथन जारी है।

भाजपा की इस सूची में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को झालरापाटन से टिकट दिया है। पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल उन्हें तारानगर से खड़ा किया है। पिछली बार वे चूरू से जीते थे। आमेर से भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां को टिकट दिया गया है।






### ज्योति मिर्धा नागौर और राजवी चित्तौड़ से प्रत्याशी

कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुई पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा को नागौर से तो पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी को चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी बनाया गया है। राजवी विद्याधर नगर सीट से चुनाव लड़े थे, जहां से इस बार भाजपा ने सांसद दीया कुमारी को टिकट दिया है। नाथद्वारा से कुंवर विश्वराज सिंह मेवाड़ को टिकट दिया गया है। वे कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुए। बीकानेर के पूर्व राजघराने से संबंध रखने वालीं सिद्धि कुमारी बीकानेर पूर्व से फिर से चुनाव लड़ेंगी।

### सीपी जोशी नाथद्वारा और डोटासरा लक्ष्मणगढ़ से लड़ेंगे

कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 33 प्रत्याशियों को टिकट दिया है। इनमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित सभी क्षत्रपों को उनके पुराने गढ़ों से ही उतारा गया है। सीएम गहलोत सरदारपुर, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट टोंक, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटसरा को लक्ष्मणगढ़, मंत्रियों में भंवर सिंह भाटी को कोलायत, टीकाराम जूली को अलवर ग्रामीण, ममता भूपेश को सिकराय, अशोक चांदना को हिंडोली से प्रत्याशी बनाया गया है। इसी तरह बागीदौरा से महेन्द्र सिंह मालवीय को और विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी को नाथद्वारा से फिर से उतारा है। इसके अलावा कांग्रेस के पंजाब प्रभारी व पूर्व मंत्री हरीश चौधरी बायतू से लड़ेंगे।

### कांग्रेस के 167 और भाजपा के 76 प्रत्याशी बाकी

कांग्रेस ने अब तक 200 में से 33 प्रत्याशी घोषित किए हैं। शेष 167 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों के ऐलान का इंतजार है। माना जा रहा है कि कांग्रेस जल्द ही दूसरी सूची भी जारी कर सकती है। वहीं भाजपा अब तक 124 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। 76 सीटों पर उम्मीदवारों के ऐलान का इंतजार है।

### भाजपा ने इस सूची में काटा आठ विधायकों का टिकट

भाजपा ने 8 विधायकों का टिकट काटा है। जिन विधायकों के टिकट काटे गए हैं उनमें सूर्यकांता व्यास (सूरसागर), अशोक लाहोटी ( सांगानेर), मोहनराम चौधरी ( नागौर), रूपाराम ( मकराना), ललित ओस्तवाल (बड़ी सादड़ी), चंद्रभान आक्या (चितौड़गढ़ ), हरेंद्र निनामा ( घाटोल) और सुभाष पूनियां ( सूरजगढ़) हैं।

### कांग्रेस ने समर्थक रमिला को उतारा

कांग्रेस ने 33 में से सिर्फ 2 टिकट बदले हैं। इसमें एक नाम कुशलगढ़ एसटी सीट से रमिला खड़िया को प्रत्याशी बनाया है। खड़िया ने कांग्रेस में बगावत के समय पार्टी का साथ दिया था। वहीं, मंडावर सीट पर ललित यादव को टिकट दिया गया है।

### कहां, कौन आमने-सामने

| सीट | कांग्रेस | भाजपा |
|---|---|---|
| बागीदौरा | महेन्द्रजीत | कृष्णा कटारा |
| प्रतापगढ़ | रामलाल | हेमंत मीणा |
| नोहर | अमित | अभिषेक माटोरिया |
| सांगानेर | पुष्पेन्द्र | भजनलाल शर्मा |
| मालवीय नगर | अर्चना शर्मा | कालीचरण |
| नाथद्वारा | सीपी जोशी | विश्वराज सिंह |
| जायल | मंजू मेघवाल | मंजू बाघमार |
| सवाई माधोपुर | दानिश अबरार | डॉ. किरोड़ी |
| लक्ष्मणगढ़ | गोविंद सिंह | सुभाष महरिया |
| मंडावा | रीटा चौधरी | नरेन्द्र खीचड़ |
| कुशलगढ़ | रमिला खड़िया | भीमा डामोर |
| बायतू | हरीश चौधरी | बालाराम मूढ |
| सुजानगढ़ | मनोज मेघवाल | संतोष |
| मुंडावर | ललित यादव | मनजीत |
| अलवर ग्रामीण | टीकाराम जूली | जयराम |
| परबतसर | रामनिवास | मानसिंह |
| डूंगरपुर | गणेश घोघरा | बंशीलाल |
| मांडलगढ़ | विवेक धाकड़ | गोपाल लाल |

### भाजपा ने ये 83 प्रत्याशी किए घोषित

- रायसिंहनगर- बलवीर सिंह
- अनूपगढ़- संतोष बावरी
- सांगरिया- गुरदीप सिंह
- पीलीबंगा- धर्मेन्द्र मोची
- नोहर- अभिषेक मटोरिया
- बीकानेर पश्चिम- जेठानन्द
- बीकानेर पूर्व- सिद्धि कुमारी
- लूणकरणसर- सुमित गोदारा
- नोखा- बिहारीलाल विश्नोई
- तारानगर- राजेंद्र राठौड़
- चूरू- हरलाल सहारण
- रतनगढ़- अभिनेष महर्षि
- सूरजगढ़- सन्तोष अहलावत
- धोद- गोवर्धन वर्मा
- नीम का थाना- प्रेमसिंह बाजौर
- श्रीमाधोपुर- झाबर सिंह खर्रा
- फुलेरा- निर्मल कुमावत
- चौमूं- रामलाल शर्मा
- आमेर- सतीश पूनियां
- मालवीय नगर- कालीचरण
- सांगानेर- भजन लाल शर्मा
- बगरू- कैलाश चन्द वर्मा
- चाकसू- रामवतार बैरवा
- मुंडावर- मंजीत धर्मपाल चौधरी
- थानागाजी- हेम सिंह भड़ाना
- अलवर शहर- संजय शर्मा
- डीग कुम्हेर- शैलेश सिंह
- धौलपुर- शिवचरण कुशवाहा
- खंडार- जितेन्द्र गोठवाल
- मालपुरा- कन्हैयालाल चौधरी
- पुष्कर- सुरेश सिंह रावत
- अजमेर उत्तर- वासुदेव देवनानी
- अजमेर दक्षिण- अनिता भदेल
- नसीराबाद- रामस्वरूप लांबा
- ब्यावर- शंकर सिंह रावत
- जायल- मंजू बाघमार
- नागौर- डॉ.ज्योति मिर्धा
- मेड़ता- लक्ष्मण राम मेघवाल
- मकराना- सुमिता भींचर
- परबतसर- मानसिंह
- नावां- विजय सिंह चौधरी
- जैतारण- अविनाश गहलोत
- सोजत- शोभा चौहान
- पाली-ज्ञान चंद पारख
- बाली- पुष्पेंद्र सिंह राणावत
- सुमेरपुर- जोराराम कुमावत
- सूरसागर- देवेन्द्र जोशी
- पोखरण- महंत प्रतापपुरी
- सिवाना- हम्मीर सिंह
- चौहटन- आदुराम मेघवाल
- आहोर- छग्गन सिंह
- जालोर- जोगेश्वर गर्ग
- सिरोही- ओटाराम देवासी
- पिंडवाड़ा-आबू- समाराम
- रेवदर- जगसीराम कोली
- गोगुंदा- प्रतापलाल गमेती
- झाड़ोल- बाबूलाल खराड़ी
- उदयपुर ग्रामीण- फूलसिंह
- उदयपुर- ताराचंद जैन
- सलूम्बर- अमृतलाल मीणा
- धरियावद- कन्हैयालाल मीणा
- आसपुर- गोपीचंद मीणा
- घाटोल- मानशंकर निनामा
- गढ़ी- कैलाश चंद्र मीणा
- चित्तौडगढ़- नरपतसिंह राजवी
- निम्बाहेड़ा- श्रीचंद कृपलानी
- बड़ी सादड़ी- गौतम सिंह डाक
- प्रतापगढ़- हेमंत मीणा
- कुम्भलगढ़ - सुरेन्द्र सिंह राठौड़
- राजसमंद- दीप्ति माहेश्वरी
- नाथद्वारा- विश्वराज सिंह मेवाड़
- आसीन्द- झब्बर सिंह सांखला
- भीलवाड़ा- विट्ठलशंकर अवस्थी
- जहाजपुर- गोपीचंद मीणा
- माण्डलगढ़- गोपाल लाल शर्मा
- बूंदी- अशोक डोगरा
- सांगोद- हीरालाल नागर
- कोटा दक्षिण- संदीप शर्मा
- छबड़ा- प्रताप सिंह सिंघवी
- डग- कालूलाल मेघवाल
- झालरापाटन- वसुन्धरा राजे
- खानपुर- नरेन्द्र नागर
- मनोहर थाना- गोविन्द

### कांग्रेस ने इन 33 को उतारा मैदान में

- नोहर- अमित चाचाण
- कोलायत - भंवर सिंह भाटी
- सादुलपुर- कृष्णा पूनिया
- सुजानगढ़- मनोज मेघवाल
- मंडावा- रीटा चौधरी
- लक्ष्मणगढ़- गोविंद डोटासरा
- विराटनगर- इंद्राज सिंह गुर्जर
- मालवीय नगर- डॉ. अर्चना शर्मा
- सांगानेर- पुष्पेन्द्र भारद्वाज
- मुंडावर- ललित कुमार यादव
- अलवर ग्रामीण- टीकाराम
- सिकराय- ममता भूपेश
- सवाई माधोपुर- दानिश अबरार
- टोंक- सचिन पायलट
- लाडनूं- मुकेश भाकर
- डीडवाना- चेतन सिंह चौधरी
- जायल- मंजू देवी
- डेगाना- विजयपाल मिर्धा
- परबतसर- रामनिवास गवारिया
- ओसियां - दिव्या मदेरणा
- सरदारपुरा- अशोक गहलोत
- जोधपुर - मनीषा पनवार
- लूणी- महेंद्र विश्नोई
- बायतू- हरीश चौधरी
- वल्लभनगर- प्रीति गजेंद्र सिंह
- डूंगरपुर- गणेश गोघरा
- बागीदौरा- महेंद्र जीत सिंह
- कुशलगढ़- रमीला खड़िया
- प्रतापगढ़- रामलाल मीना
- भीम- सुदर्शन सिंह रावत
- नाथद्वारा- सी पी जोशी
- मांडलगढ़- विवेक धाकड़
- हिंडोली- अशोक चांदना

---

**दुष्कर्म जैसे संगीन मामलों में होती है डीएनए जांच, 15 हजार पेंडिंग**

# डीएनए जांच के लिए एक्सपर्ट्स का टोटा

- अन्य विभाग के वैज्ञानिक को करनी पड़ती है जांच

**बेधड़क** | जयपुर

दुष्कर्म व हत्या जैसे अन्य संगीन मामलों की डीएनए जांच के लिए प्रदेश की एफएसएल के पास एक्सपर्ट ही नहीं है। खास बात है कि डीएनए जांच मजबूरी में बायोलॉजी और सीरोलॉजी के वैज्ञानिको को करनी पड़ रही है।

इससे एफएसएल द्वारा की जाने वाली डीएनए जांच में सवालिया निशान लग गया है। आखिर दूसरे विभाग के वैज्ञानिक डीएनए जांच कैसे कर सकते हैं। हालांकि एफएसएल के अफसरों का कहना है कि डीएनए जांच के लिए जिन एक्सपर्ट की योग्यता होती है, वह योग्यता उनमें है।

इधर, एक्सपर्ट नहीं होने के कारण हजारों डीएनए जांचें पेंडिंग हैं। जाहिर है, इससे पुलिस इन्वेस्टिगेशन भी प्रभावित हो रहा है। दरअसल, डीएनए जांच प्रमुख साक्ष्य है और इसी के आधार पर पिछले दो साल में कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।




### हर माह 800 केस, जांच 300

एफएसएल जयपुर यूनिट में 15 जांचें पेंडिंग है। एफएसएल में प्रतिदिन डीएनए जांच के करीब 50 केस आते है। औसतन हर माह करीब 800 केस अलग-अलग पुलिस थानों से डीएनए जांच के लिए एफएसएल आ रहे है। इनमें से एफएसएल के सीरोलॉजी व बायोलॉजी विभाग के वैज्ञानिक करीब 300 केसों का औसतन हर माह निस्तारण कर देते है। ऐसे में डीएनए विभाग में एक्सपर्ट नहीं होने से दिनोंदिन पेंडेंसी बढ़ती ही जा रही है।

### वैज्ञानिकों की भर्ती ही नहीं हुई

पड़ताल में सामने आया कि सरकार ने एफएसएल डीएनए विभाग में वर्ष 2015 में वैज्ञानिकों की भर्ती करने की घोषणा की थी। योजना के तहत डीएनए विभाग में एक सहायक निदेशक व दो वरिष्ठ वैज्ञानिकों की भर्ती होनी थी, लेकिन यह भर्ती अटक गई और अभी भी पद खाली पड़े हैं।

### अब समय पर जांच का दावा

“ पहले की तुलना में अब एफएसएल में आने वाले सैंपलों की जांच की संख्या बढ़ी है। अब समय पर जांचे होने लगी है और पुरानी पेंडेंसी को भी कम किया जा रहा है। हमारी जांच पर तो कई आरोपियों को सजा भी हुई है। भर्ती आरपीएससी के स्तर पर पेंडिंग है।

**डॉ.अजय शर्मा,** निदेशक, एफएसएल

---

## आज धर्मशाला में भारत की कीवियों से टक्कर



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप का रविवार को धर्मशाला में खेला जाने वाला भारत-न्यूजीलैंड का मैच काफी खास होगा, क्योंकि ये दोनों टीमें ऐसी हैं, जिन्हें इस वर्ल्ड कप में अब तक कोई टीम हरा नहीं पाई है। दोनों ने अपने शुरुआती चारों मैचों में जीत हासिल की है, लेकिन नेट रन रेट बेहतर होने की वजह से अंक तालिका में न्यूजीलैंड नंबर-1 और भारत नंबर-2 पर मौजूद है। मैच दोपहर दो बजे शुरू होगा।

---

**WC: दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने की जीत दर्ज**

# चैंपियन इंग्लैंड की वनडे इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी शिकस्त

**एजेंसी** | मुंबई/लखनऊ

दक्षिण अफ्रीका ने चैंपियन इंग्लैंड को 229 रनों से करारी शिकस्त दी है। यह इंग्लैंड की वनडे क्रिकेट के इतिहास की ये सबसे बड़ी हार है।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका ने हेनरिक क्लासेन की आतिशी शतकीय पारी (109) और मार्को यानसेन (75) के साथ छठे विकेट के लिए 77 गेंद में 151 रन की साझेदारी से 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 399 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 22 ओवर में 170 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की टीम इस करारी हार के साथ पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर खिसक गई है। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन मैन ऑफ द मैच रहे।




### श्रीलंका को मिली पहली जीत

उधर, लखनऊ में समरविक्रमा की पारी के दम पर श्रीलंका ने नीदरलैंड को पांच विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही श्रीलंका ने विश्व कप में अपना खाता खोला। पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को पराजित करके बड़ा उलटफेर करने वाले नीदरलैंड ने श्रीलंका के सामने 263 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा और इसके बाद उसके शीर्ष क्रम को झकझोर कर उसकी पेशानी पर बल ला दिए। हालांकि मैन ऑफ द मैच रहे समरविक्रमा ने 107 गेंद पर सात चौकों की मदद से नाबाद 91 रन की पारी खेलकर श्रीलंका को 48.2 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

---

**इसरो ने सफलतापूर्वक लॉन्च की पहली टेस्ट फ्लाइट**

# अंतरिक्ष में भारत ने फिर रचा इतिहास, गगनयान का ट्रायल सफल

- श्रीहरिकोटा से उड़ान भर बंगाल की खाड़ी में लैंडिंग
- इसरो चीफ एस सोमनाथ ने पूरी टीम को दी बधाई
- मिशन-2025 के लिए तैयार किया जा रहा गगनयान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

गगनयान मिशन पर इसरो को बड़ी कामयाबी मिली है। इसरो ने शनिवार सुबह 10 बजे श्री हरी कोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से गगनयान के क्रू मॉड्यूल को लॉन्च किया।

इसे टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 (TV-D1) नाम दिया गया। इसने 8.8 मिनट के दौरान 17 किमी ऊपर तक उड़ान भरी। इसके बाद स्पेस सेंटर से करीब दस किमी। दूर बंगाल की खाड़ी क्रू मॉड्यूल की लैंडिंग करवाई गई। यह रॉकेट में गड़बड़ी होने पर अंदर मौजूद एस्ट्रोनॉट को पृथ्वी पर सुरक्षित लाने वाले सिस्टम की टेस्टिंग थी। इस मौके पर इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि टीवी-डीवी 1 (क्रू मॉड्यूल) मिशन का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया है। उन्होंने इस सफलता के इसरो की पूरी टीम को बधाई दी। गौरतलब है कि भारत का गगनयान मिशन 2025 के लिए तैयार किया जा रहा है।

गगनयान मिशन का लक्ष्य 2025 में तीन दिवसीय मिशन के तहत मनुष्य को 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और उसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। क्रू मॉड्यूल के अंदर ही भारतीय अंतरिक्ष यात्री बैठकर धरती के चारों तरफ 400 किलोमीटर की ऊंचाई वाली निचली कक्षा में चक्कर लगाएंगे।

पेज 8 भी देखें






@ बंगाल की खाड़ी

### पहले रुकी लॉन्चिंग

मिशन गगनयान 8 बजे लॉन्च होने वाला था, लेकिन ठीक पांच सेकंड पहले मिशन को रोकना पड़ा। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने बताया कि स्वचालित प्रक्षेपण प्रणाली में कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी। नॉमिनल लिफ्ट ऑफ प्रोसेस के दौरान हमें कंप्यूटर के जरिए होल्ड जारी होने की जानकारी मिली। कंप्यूटर ने एक नॉन कंफर्मेशन को डिटेक्ट किया, जिसकी वजह से इंजन में थ्रस्ट यानी आग नहीं जल पाई। ये सब सिस्टम में एक मॉनिटरिंग एनोमली की वजह से हुआ। हमने इसका पता लगाया और इसमें सुधार किया।

### अगले साल फिर भेजी जाएगी टेस्ट फ्लाइट

इस टेस्ट उड़ान की सफलता के बाद इसरो गगनयान मिशन के आगे की सारी प्लानिंग की रूपरेखा तय करेगा। इसके बाद अगले साल एक और टेस्ट फ्लाइट होगी जिसमें ह्यूमेनॉयड रोबोट व्योममित्र को भेजा जाएगा।

### पीएम मोदी ने इसरो को दी बधाई

पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि यह प्रक्षेपण हमें भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान को साकार करने के एक कदम और करीब ले जाता है। हमारे वैज्ञानिकों को मेरी शुभकामनाएं।

### भारत के लिए क्यों खास है मिशन गगनयान?

गगनयान मिशन 2022 में ही लॉन्च होना था लेकिन कोरोना महामारी और मिशन की जटिलताओं की वजह से इसमें देरी हो गई। इसरो का गगनयान मिशन अगर सफल रहता है तो अमेरिका, चीन और पूर्ववर्ती सोवियतसंघ के बाद भारत मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ानें संचालित करने वाला चौथा देश बन जाएगा।

जरूरी खबर

## मालवीय नगर में सबसे अधिक शिकायतें




**जयपुर।** निर्वाचन आयोग की ओर से सी-विजिल एप पर दर्ज होने वाली शिकायतों पर 100 मिनट में कार्रवाई की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जिले में शनिवार तक 1 हजार 52 शिकायतें दर्ज करवाई गई हैं। इनमें से 684 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं 368 शिकायतों का निस्तारण रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी स्तर पर किया गया है। उन्होंने बताया कि जयपुर के मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 88 शिकायतों का निस्तारण किया गया है।

## अधिकारियों को दिया वर्चुअल प्रशिक्षण

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव-के मद्देनजर चुनावी प्रक्रिया से जुड़े समस्त रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को वर्चुअल प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें अभ्यर्थियों के नामांकन, छंटनी, चुनाव चिह्न आवंटन, पोस्टल बैलट और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले मामलों से जुड़ी संपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण में 33 उप जिला निर्वाचन अधिकारी, 33 पोस्टल बैलट नोडल अधिकारी, 200 रिटर्निंग अधिकारी एवं लगभग 600 सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद रहे।

## VHA एप से घर बैठे देख सकंगे सूची में नाम




**जयपुर।** विधानसभा चुनाव में हर मतदाता की सक्रिय भागीदारी औरवोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के लिए वोटर हेल्पलाइन एप तैयार किया है। मतदाता अपने मोबाइल पर VHA एप प्ले स्टोर या एप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि एप के जरिए मतदाता घर बैठे सूची में अपना नाम देख सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम नहीं होने की स्थिति में पात्र मतदाता 27 अक्टूबर तक वोटर हेल्पलाइन पर जाकर फॉर्म-6 भरकर अपना आवेदन कर सकते हैं।

### कांग्रेस ने पायलट कैंप से जुड़े दावेदारों को दी तवज्जो, भाजपा ने राजे गुट के नेताओं का रखा ध्यान

# प्रत्याशी चयन में बगावत का ख्याल

- कांग्रेस ने पहली सूची में 33 उम्मीदवार उतारे, भाजपा की दूसरी लिस्ट में 83 नाम

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने पहली और भाजपा ने दूसरी सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने 33 प्रत्याशियों को पहली सूची में मैदान में उतारा है और भाजपा ने दूसरी सूची में जिन 83 नामों का ऐलान कर पार्टी में चल रही गुटबाजी खत्म करने का संदेश दिया है। भाजपा की पहली 41 नामों की सूची के बाद सामने आए विरोध को देखते हुए दोनों ही पार्टियों ने प्रत्याशी चयन में डेमेज कंट्रोल करने और बगावत रोकने का विशेष ध्यान रखा।

इसलिए पहली सूची में जगह नहीं बना पाने वाले वसुंधरा राजे गुट के चेहरों को भाजपा की दूसरी सूची में जगह मिली तो कांग्रेस की पहली सूची में सचिन पायलट कैंप से जुड़े दावेदारों का पूरा ख्याल रखा गया।

भाजपा अब तक 124 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। पहली सूची में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का नाम नहीं था। ऐसे में झोटवाड़ा सीट से टिकट कटने के बाद कई दावेदरों ने आरोप लगाए थे कि वसुंधरा गुट में होने के कारण उन्हें टिकट नहीं दिया गया। अब दूसरी सूची में वसुंधरा गुट के 14 नेताओं को जगह मिली है।

## भाजपा-कांग्रेस में डेमेज कंट्रोल की कवायद

### वसुंधरा राजे गुट के इन नेताओं को टिकट



भाजपा ने दूसरी सूची में राजे गुट के कालीचरण सराफ को मालवीय नगर, प्रताप सिंह सिंघवी छबड़ा, गुरदीप सिंह शाहपीणी संगरिया, श्रीचंद कृपलानी निंबाहेड़ा, अभिषेक मटोरिया नौहर, संतोष अहलावत सूरजगढ़, कालूलाल मेघवाल डग, नरेंद्र नागर खानपुर, गोविंद रानीपुरिया मनोहरथाना, प्रेम सिंह बाजौर नीमकाथाना, कैलाश चंद वर्मा बगरू, हेम सिंह थानागाजी, मनजीत धर्मपाल बानसुर और संजय शर्मा अलवर से उम्मीदवार बनाया है।

### पायलट कैंप के चेहरों को मिली जगह



कांग्रेस ने बगावत की संभावना को देखते हुए अपनी पहली सूची में सचिन पायलट के धड़े के लोगों को जगह दी है। कांग्रेस ने पहली सूची जारी करते हुए पायलट कैंप से जुड़े इंद्राज सिंह गुर्जर को विराट नगर, राम निवास गावड़िया को परबतसर और मुकेश भाकर को लाडनूं विधासभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं सचिन पायलट खुद अपनी टोंक विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

### डोटासरा और महरिया फिर आमने-सामने



लक्ष्मणगढ़ से कांग्रेस ने गोविंद सिंह डोटासरा को उतारा है, वहीं भाजपा ने सुभाष महरिया को टिकट दिया है। 10 साल बाद फिर से ये दोनों नेता आमने-सामने हैं। 2013 में डोटासरा ने भाजपा उम्मीदवार सुभाष महरिया को 10 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। डोटासरा अब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हैं और तीन बार विधायक रह चुके हैं। सुभाष महरिया कांग्रेस में जाकर वापस भाजपा में आए हैं।

### डॉ. जोशी को चुनौती देंगे विश्वराज सिंह



विधानसभा स्पीकर और कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीपी जोशी के सामने इस बार भाजपा ने नाथद्वारा से मेवाड़ के पूर्व राजघराने के विश्वराज सिंह को उम्मीदवार बनाया है। सीपी जोशी इस सीट पर अपने सियासी शिष्य कल्याण सिंह चौहान से 2008 में एक वोट से हार गए थे। कल्याण सिंह ने 2013 में भी सीपी जोशी को हराया था। दो बार की हार के बाद 2018 में जोशी नाथद्वारा से जीते।

### कांग्रेस का हारे हुए नेताओं पर दांव

कांग्रेस ने तीन हारे हुए उम्मीदवारों को फिर से टिकट दिया है। कुशलगढ़ से बागी चुनाव लड़कर निर्दलीय जीती रमिला खड़िया विश्वास जताया है। रमिला के पति हुर्तिंग खड़िया पहले कांग्रेस उम्मीदवार रहे थे। मालवीय नगर से अर्चना शर्मा, सांगानेर से पुष्पेंद्र भारद्वाज और मांडलगढ़ से विवेक धाकड़ पिछला चुनाव हार गए थे, इन्हें फिर से मौका दिया है। वहीं भाजपा ने जो विधायक नहीं हैं, इनमें नौहर से अभिषेक मटोरिया, बगरू से कैलाश चंद वर्मा, नीमकाथाना से प्रेम सिंह बाजौर, धोद से गोवर्धन वर्मा, श्रीमाधोपुर से झाबर सिंह खर्रा, सिरोही से ओटाराम देवासी, धरियावद से कन्हैया लाल मीणा, प्रतापगढ़ से हेमंत मीणा को टिकट दिया हैं। तो कांग्रेस ने उप चुनाव में जीते हुए तीनों विधायकों को टिकट दिया गया है। इसमें मंडावा से रीटा चौधरी, सुजानगढ़ से मनोज मेघवाल, वल्लभनगर से प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत शामिल हैं

### 70 साल की उम्र में भी टिकट



कांग्रेस के 33 उम्मीदवारों में से सीएम अशोक गहलोत और स्पीकर सीपी जोशी ऐसे नेता हैं, जिनकी उम्र 70 साल से ज्यादा है। गहलोत की उम्र 72 साल और सीपी जोशी की उम्र 73 साल है। भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट में 70 साल से ज्यादा उम्र के कालीचरण सराफ, वासुदेव देवनानी और नरपत सिंह राजवी और अशोक डोगरा को टिकट मिला है।

### चित्तौड़गढ़ से नरपत सिंह राजवी को बनाया उम्मीदवार



भाजपा ने इस बार जयपुर जिले की विद्याधर नगर सीट से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी नरपत सिंह राजवी को चित्तौड़गढ़ सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा ने पहली सूची में नरपत सिंह राजवी को जगह नहीं दी थी। जिसके बाद विरोध देखने को मिला था। राजवी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत के परिवार से आते हैं। राजवी ने जयपुर की विद्याधर नगर सीट से लगातार 3 बार से जीत कराई। वहीं झुंझनुं से पूर्व सांसद संतोष अहलावत को भाजपा ने जिले की सूरजगढ़ सीट से उम्मीदवार बनाया है।

### पार्टी ज्वॉइन करने वालों को टिकट

इसके साथ ही प्रदेश भाजपा ने उन चेहरों पर भी दांव खेला है, जिन्होंने हॉल ही में भाजपा ज्वॉइन की है। इन्हीं में से कांग्रेस की पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा को नागौर से उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया है। वहीं, नाथद्वारा सीट पर विश्वराज सिंह मेवाड़ पर पार्टी ने भरोसा जताया है। मकराना सीट को लेकर भी भाजपा का निर्णय चौंकाने वाला रहा। यहां से भाजपा के निशान पर जीते हुए विधायक रूपाराम की जगह पार्टी ने नए चेहरे के रूप में सुमिता भींचर को मैदान में उतारा है। वहीं पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता गुलाब चंद कटारिया की उदयपुर सीट पर ताराचंद जैन को उम्मीदवारी सौंपी गई है।

### बसपा ने 10 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए

भाजपा और कांग्रेस के बाद बसपा ने भी अपने 10 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। पूर्व में भी बसपा की ओर से सूची जारी की गई थी। भरतपुर से गिरीश चौधरी, आमेर से मुकेश शर्मा, कामां से शकील खान, महुवा से बनवारी मीणा, टोड़ाभीम से रामसिंह मीणा, सपोटरा से कल्लू उर्फ विजय, गंगापुर से रामलाल मीणा, नीम का थाना से गीता सैनी, हिंडौन से अमरसिंह बंशीवाल को टिकट दिया है।

### इन नामों ने चौंकाया

भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ को इस बार चुरू की जगह तारानगर से उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं, उनकी परंपरागत चुरू सीट से इस बार यहां के जिलाध्यक्ष लालचंद सहारण को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके साथ ही जयपुर की भाजपा की सबसे सुरक्षित सीट मानी जाने वाली सांगानेर विधानसभा से वर्तमान विधायक अशोक लाहोटीका टिकट काटकर प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है।

### भाजपा के मुकाबले महिलाओं को कांग्रेस ने दी ज्यादा भागीदारी

कांग्रेस की ओर से जारी पहली लिस्ट में नौ महिला प्रत्याशी शामिल हैं। इनमें सिकराय से ममता भूपेश, ओसियां से दिव्या मदेरणा, सादुलपुर से कृष्णा पूनिया, मंडावा से रीटा चौधरी, मालवीय नगर से अर्चना शर्मा, जायल से मंजू मेघवाल, वल्लभनगर से प्रीति शक्तावत, जोधपुर से मनीषा पंवार, कुशलगढ़ से रमिला खड़िया शामिल हैं। वहीं भाजपा की पहली सूची और दूसरी सूची देखें तो करीब 11 फीसदी ही महिलाओं को मौका दिया गया है। 41 प्रत्याशियों की पहली सूची में 4 महिलाएं थीं। 83 प्रत्याशियों की दूसरी सूची में 10 महिलाओं के नाम हैं। ऐसे में कुल मिलाकर 124 की सूची में 14 महिला प्रत्याशी हैं। भाजपा दूसरी सूची में अनुपगढ़ से संतोष बावरी, बीकानेर पूर्व से सिद्धिकुमारी, सुरजगढ़ से संतोष अहलावत, राजसमंद से दीप्ति माहेश्वरी, झालरापाटन से वसुंधरा राजे, अजमेर दक्षिण अनिता भदेल, जायल से मंजू बाघमार, नागौर से ज्योति मिर्धा, मकराणा से सुमिता भींचर, सोजत से शोभा चौहान को टिकट दिया है। वहीं पहली सूची में विधाधर नगर से दीया कुमारी, सुजानगढ़ से संतोष मेघवाल, हिंडौन से राजकुमारी जाटव, बागीदौरा से कृष्णा कटारा को टिकट दिया है।

### कांग्रेस में एक मुस्लिम तो भाजपा में कोई मुस्लिम चेहरा नहीं

भाजपा की जारी दोनों ही सूची में कोई मुस्लिम चेहरा नहीं हैं। पिछले चुनाव में 200 में से केवल एक टिकट वसुंधरा राजे समर्थक यूनुस खान को दिया गया था। वहीं कांग्रेस से सिर्फ एक मुस्लिम चेहरे दानिश अबरार को जगह मिली हैं। अल्पसंख्यक बहुल मानी जाने वाली सीटों पर दो महंतों को उतारा गया है। भाजपा ने पहली सूची में तिजारा से बाबा बालकनाथ का नाम था। दूसरी सूची में जैसलमेर की पोकरण सीट से महंत प्रतापपुरी को प्रत्याशी बनाया गया है।

### भाजपा में उभरे विरोध के स्वर

भाजपा में दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद से कई विधानसभा क्षेत्र से विरोध की खबरें सामने आई आ रही है। बूंदी से बीजेपी के वर्तमान विधायक अशोक डोगरा को भाजपा ने एक बार फिर अपना प्रत्याशी घोषित किया है। जिसके बाद से लगातार अशोक डोगरा का विरोध किया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अशोक डोगरा का पुतला भी दहन किया है। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने आज बूंदी में नारे 'भाजपा तुमसे बैर नहीं डोगरा तेरी खेर नही' लगाए हैं।

### नरपत सिंह राजवी का विरोध

झोटवाड़ा से वर्तमान विधायक नरपत सिंह राजवी को बीजेपी ने चितौड़गढ़ विधानसभा से लड़ने के लिए भेजा है। दूसरी लिस्ट से चितौड़गढ़ से वर्तमान विधायक चंद्रभान सिंह का टिकट कटने का भारी विरोध किया जा रहा है। हालांकि, यहां से नरपत सिंह राजवी भी दो बार विधायक रह चुके हैं। लेकिन, इसके बावजूद भी चंद्रभान सिंह के समर्थक नरपत सिंह का विरोध कर रहे हैं।

### अलवर से संजय शर्मा का विरोध

अलवर विधानसभा से भाजपा ने अपने वर्तमान विधायक को प्रत्याशी घोषित किया है। जिसके बाद शहर के के मुख्य बाजार के बीच में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी की गई। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता संजय शर्मा को प्रत्याशी घोषित करने का विरोध करते नजर आए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'संजय शर्मा मुर्दाबाद' के नारे लगाकर पूतला भी फूंका है।उदयपुर शहर विधानसभा सीट से भाजपा ने ताराचंद जैन को टिकट दिया है। ताराचंद जैन उदयपुर से विधायक रहे गुलाबचंद कटारिया के बहुत नजदीक हैं। अब उपमहापौर पारस सिंघवी ताराचंद को टिकट दिए जाने का विरोध करते नजर आ रहे हैं।

### भाजपा ने कहा- पीएम मोदी का किया अपमान

## प्रियंका वाड्रा के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का लगा आरोप

**बेधड़क** | जयपुर

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस नेता प्रियंका वाड्रा द्वारा सिकराय (दौसा) सभा में धार्मिक भावनाओं के आधार पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ दुभार्वना से झूठ फैलाने का आरोप लगाया है।

इस संबंध में चुनाव आयोग से प्रियंका वाड्रा के खिलाफ विधिक कार्यवाही की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने अपने परिवाद में चुनाव आयोग से मांग की है कि प्रियंका वाड्रा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कल की सभा में देवनारायण जी के मंदिर में 21 रुपए चढ़ाने का झूठ फैलाया है, जबकि पीएम मोदी ने आस्था अनुसार अपनी जेब से नकद राशि मंदिर के दानपात्र में डाली थी। प्रियंका वाड्रा का यह कृत्य आचार संहिता के निर्देशों का गंभीर उल्लंघन है।



प्रियंका गांधी द्वारा अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर समाज में धार्मिक उन्माद फैलाने की बदनीयती से यह बयान दिया है। परिवाद सौंपने के दौरान नारायण पंचारिया, सह-संयोजक राजेन्द्र सिंह शेखावत, विधि प्रकोष्ठ से सौरभ सारस्वत, भाजपा सह-कोषाध्यक्ष श्याम अग्रवाल और सतीश सरीन मौजूद रहे।

### शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित

## रक्तदान कर मनाया पुलिस शहीद दिवस

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर शनिवार को डीजीपी उमेश मिश्रा ने अमर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस अकादमी में आयोजित शहीद दिवस समारोह में डीजीपी मिश्रा ने देश के सभी प्रान्तों, केन्द्र शासित प्रदेशों और अर्द्ध सैन्य बलों के एक सितंबर 2022 से 31 अगस्त 2023 तक के विभिन्न वर्ग के सभी शहीद अधिकारियों और कर्मचारियों के पदनाम व उनका नाम लेकर उन्हें सम्मान दिया। पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी के पार्वती हॉस्टल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 300 से अधिक पुलिसकर्मियों ने रक्तदान किया। महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने रक्तदान कर रहे पुलिस कर्मियों का उत्साह बढ़ाया।



पुलिस संगठनों की परम्पराओं के अनुसार डीजीपी उमेश मिश्रा व रिटायर्ड डीजी के.एस. बैंस, सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक आईबी डी.के. शर्मा, सीबीआई के अशोक कुमार, आरपीए निदेशक पी.रामजी और पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने शहीद स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

परेड में शामिल पुलिस बैंड ने लास्ट पोस्ट व राउज/रिवेली की धुन बजाई। शहीद दिवस परेड में शामिल पुलिस कर्मियों ने तीन-तीन राउंड फायर किए।

### कांग्रेस पर जमकर बरसे भाजपा नेता

# परकोटा क्षेत्र से हिंदुओं समुदाय का पलायन चिंताजनक: रामचरण बोहरा

- चारदीवारी में पुराने मंदिरों को तोड़कर किया जा रहा अतिक्रमण

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के परकोटा क्षेत्र से बहुसंख्यक हिंदू समुदाय के लोग पलायन कर रहे हैं और गलियों तथा चौराहों पर स्थित पुराने मंदिरों को तोड़कर अतिक्रमण किया जा रहा है।

सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण की नीतियों के कारण परकोटा क्षेत्र में निवास कर रहे बहुसंख्यक हिंदू वर्ग में डर का माहौल है। पिछले दिनों जिस प्रकार आपसी झगड़े में एक युवक की हत्या के बाद बने तनाव के हालात को देखते हुए हिंदू समुदाय के लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जयपुर में पिछले पांच वर्ष के कांग्रेस के शासन के दौरान आधा दर्जन से अधिक सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं हो चुकी हैं। इतना ही नहीं गलता तीर्थ सहित अन्य धार्मिक स्थलों से कांवड़ लेकर आ रहे यात्रियों पर पथराव तथा मारपीट तक हो चुकी है। परकोटा क्षेत्र में संगठित रूप से समुदाय विशेष के लोग बहुसंख्यक वर्ग के लोगों को अपने मकान बेचकर जाने पर मजबूर कर रहे हैं। इन सबके बावजूद राजस्थान पुलिस सरकार के एजेन्ट के रूप में कार्य कर रही है।



सरकार की ओर से अल्पसंख्यक वर्ग को दी जा रही खुली छूट का नतीजा है कि अब परकोटा इलाके में तो बहुसंख्यक हिंदू समुदाय ही अल्पसंख्यक वर्ग में तब्दील होता जा रहा है।

### चुनावी लाभ के लिए खोले अंग्रेजी स्कूल: देवनानी



पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी ने एक बयान जारी कर कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार की ओर से सरकारी अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोलने में दिखाई गई जल्दबाजी अब बच्चों के भविष्य पर असर डाल रही है। बिना तैयारी और व्यवस्थाओं के शुरू किए गए इन स्कूलों में बच्चों को न पढ़ाई का माहौल मिल पा रहा है और ना ही उनका विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलाते ने चुनावी साल में सियासी लाभ लेने के लिए 200 से अधिक अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोल दिए, लेकिन इनमें सुविधाओं को कोई विस्तार नहीं किया। हालात यह हैं कि इन अंग्रेजी स्कूलों में बच्चों के पढ़ाने के लिए कोई अंग्रेजी का टीचर ही नहीं है। हालात बिगड़ते देख पिछले दिनों की शिक्षा विभाग ने एक परिपत्र जारी कर अंग्रेजी मीडियम की सरकारी स्कूलों में केवल 5वीं कक्षा तक ही कक्षाएं संचालित करने के लिए कहा है। जबकि पूर्व में इन स्कूलों में 8वीं कक्षा तक के बच्चों को एडमिशन दे दिए थे।

### आर्थिक समानता दिलाने का काम कर रही मोदी सरकार



भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व राज्यसभा सांसद एंव भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामकुमार वर्मा और राखी राठौड़ ने प्रदेश में दलित उत्पीड़न और महिला उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर गहलोत सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में प्रदेश की जनता इस अहंकारी सरकार को सबक सिखाएगी। पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा ने कहा कि एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में निरंतर काम कर रही है। गरीबों के लिए सामाजिक न्याय और आर्थिक समानता के लिए प्रयासरत है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की गहलोत सरकार ने पांच सालों में भ्रष्टाचार, कुषासन और जंगलराज के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। प्रदेश में कांग्रेस के दो नेता कुर्सी की लड़ाई में लगे रहे और गरीब उत्थान का कोई काम नहीं कर पाए। प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ ने कहा कि आज कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी हुई है, जिसमें विधायक दिव्या मदेरणा को फिर से टिकट दिया गया है, हालांकि वे इस बार चुनाव तो नहीं जीत पाएंगी लेकिन हम उन्हें बताना चाहते हैं कि इस बार प्रदेश में भाजपा की प्रचंड बहुमत वाली सरकार बन रही है और हम उन्हें सुरक्षा की पूरी गारंटी देते हैं।

## देवी मां महागौरी की आराधना



नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है। आदिशक्ति श्रीदुर्गा का अष्टम रूप श्री महागौरी हैं। मान्यता के अनुसार अपनी कठिन तपस्या से मां ने गौर वर्ण प्राप्त किया था। तभी से इन्हें उज्जवला स्वरूपा महागौरी, धन ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी त्रैलोक्य पूज्य मंगला, शारीरिक मानसिक और सांसारिक ताप का हरण करने वाली माता महागौरी का नाम दिया गया। मां महागौरी के पूजन से दांपत्य सुख, व्यापार, धन और सुख-समृद्धि बढ़ती है।

### इस मंत्र का जप करें

*श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।*
*देवी सर्वभूतेषु मां गौरी रूपेण संस्थिता।*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।*

**आयकर सर्वे:** गणपति प्लाजा के निजी लॉकर धारकों की मुसीबत बढ़ना तय

# एक में 2.46 करोड़ निकले, 24 और संदिग्ध लॉकर चिह्नित

बेधड़क | जयपुर

गणपति प्लाजा के निजी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे धन को लेकर पिछले शुक्रवार से शुरू हुई आयकर सर्वे की कार्रवाई में अब तेजी दिखाई देने लगी है। विभाग की अन्वेषण शाखा ने शनिवार को 24 और लॉकर धारकों को संदिग्ध मानते हुए इन्हें सम्मन जारी किया और इन सभी को सोमवार तक अपने लॉकर खोलने और इनमें रखी सामग्री की जांच कराने के आदेश दिए। शनिवार को विभागीय अधिकारियों ने एक कथित संदिग्ध लॉकर खोला, जिसमें दो करोड़ 46 लाख रुपए की नकदी मिली।



इस नकदी का लॉकर मालिक की ओर से कोई हिसाब नहीं दिए जाने के कारण जब्त कर लिया गया। विभाग इससे पूर्व भी 16 लॉकर को संदिग्ध मानते हुए सम्मन जारी कर चुका है, जिसकी समय सीमा शुक्रवार शाम 5 बजे ही समाप्त हो गई थी, लेकिन फिर भी इनमें से करीब आधा दर्जन लॉकर धारकों ने विभाग के सम्मन की पालना नहीं की, विभाग अब इन लॉकर को सील करने सहित आयकर कानून में लॉकर धारकों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

### बढ़ रहा अवैध धन होने का संदेह

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गणपति प्लाजा स्थित निजी लॉकर संचालक, रोयरा सेफ्टी वॉल्ट के लॉकर्स में जारी आयकर सर्वे के बावजूद यहां लॉकर मालिकों के लॉकर संचालन पर कोई रोक नहीं है, लेकिन पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से चल रही कार्रवाई के दौरान अपवादों को छोड़कर ही कुछ लॉकर संचालित हुए, इससे विभागीय अधिकारियों का इन लॉकर्स में अवैध धन अथवा सम्पत्तियां रखे होने को लेकर संदेह बढ़ रहा है। अब यदि लॉकर ऑपरेट करने वालों का यहीं रुख रहता है तो कोई संदेह नहीं कि विभाग सभी लॉकर मालिकों को सम्मन जारी कर आयकर कानून की व्यवस्थाओं के अनुसार खुद लॉकरों की जांच करने की तैयारी करेगा। इससे यह भी तय है कि जिसके भी नाम से लॉकर रोयरा सेफ्टी वॉल्ट में आवंटित है, उसकी मुसीबत बढ़ेगी।

### अभी जारी रहेगी कार्रवाई

सूत्रों का कहना है कि अब तक जो नकदी मिली है, उसका सांसद किरोड़ी लाल मीना के लगाए आरोपों से कोई संबंध नहीं है। विभाग ने शनिवार को जो 2.46 करोड़ की नकदी जब्त की है, वह मुम्बई में प्लेसमेंट सेवाएं देने वाले जयपुर मूल के एक व्यक्ति के नाम लिए गए लॉकर से निकली है। इससे पूर्व जब्त की गई एक करोड़ 60 लाख की नकदी में से 80 लाख रुपए चुरू जिले के तारानगर से पार्षद इरदीस सैय्यद के हैं, जिसे तारानगर से कांग्रेस विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया का "खास" बताया जाता है। इसके अलावा 30 लाख रुपए की नकदी का संबंध है रावत मिष्ठान भण्डार से और 50 लाख रुपए जयपुर के गुप्त रोग चिकित्सक डॉ. सैय्यद दानिश अली के लॉकर से मिले हैं। अब तक खोले गए लॉकर्स में विभागीय अधिकारियों ने कुल 2 किलो 400 ग्राम सोना भी यहां पकड़ा, इसमें से 400 ग्राम सोना जब्त भी किया जा चुका है, जो रावत मिष्ठान भण्डार संचालकों का है। शेष बचे 2 किलो सोने की खरीद के दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए लॉकर मालिक दुसाद परिवार को मौका दिया गया है। इस परिवार का यहां एक और लॉकर भी बताया जाता है, जिसे फिलहाल नहीं खोला गया है।

**कस्टम अधिकारियों से किया एयरपोर्ट पर बरामद सोना ले जाने का आग्रह**

# अदालत ने दिखाई 'आंख' तो पुलिस को याद आया 'कानून'

बेधड़क | जयपुर

दो अक्टूबर को शारजांह से जयपुर पहुंची एयर अरेबिया की उड़ान से 12 किलो से अधिक सोना लाने के आरोपी विमान यात्रियों और इस सोने को ठिकाने लगाने में सहयोग करने वाले चार आरोपियों से बरामद सोना, मोबाइल फोन और पासपोर्ट आदि देने में आनाकानी कर रही पुलिस पर अदालत की टिप्पणी भारी पड़ी। जब्त सोना, पासपोर्ट व मोबाइल प्राप्त करने के लिए कस्टम्स की ओर से न्यायालय अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर, महानगर-प्रथम क्र. 8 व न्यायालय अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आर्थिक अपराध में लगाए गए दो आवेदनों की सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस के खिलाफ टिप्पणी की तो पुलिस बैकफुट पर आ गई और शुक्रवार देर पुलिस अधिकारियों ने ही कस्टम्स अधिकारियों को फोन कर आरोपियों से जब्त किया गया सामान लेने का आग्रह किया गया। मामले के तथ्यों के अनुसार पुलिस की ओर से सहयोग नहीं दिए जाने पर कस्टम्स विभाग के वरिष्ठ लोक अभियोजक आर. एन. यादव ने न्यायालय अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महानगर-प्रथम, जयपुर क्र. 8 की अदालत में जब्त सोने को सुपुर्द करने व न्यायालय अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आर्थिक अपराध, जयपुर की अदालत में आरोपियों के जब्त किए गए पासपोर्ट, मोबाइल आदि के लिए अलग-अलग आवेदन किए।




### केवल कस्टम्स को जांच का अधिकार

अदालत में कस्टम्स के अधिवक्ता यादव ने कस्टम्स कानून की धारा 110-111 में कस्टम्स अधिकारियों को तस्करी के सोने की जांच व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कस्टम्स अधिकारियों को मिले अधिकारों की जानकारी दी और कहा कि केवल कस्टम्स को है इस मामले में जांच का अधिकार है। यदि ऐसे किसी मामले में कार्रवाई पुलिस, नेवी अथवा आर्मी की ओर से भी की जाती है तो इन एजेंसियों को कस्टम्स अधिकारियों की मदद करने का भी उल्लेख है।

### पुलिस के खिलाफ की कड़ी टिप्पणियां

कस्टम्स कानून में दिए गए अधिकारों से सहमति प्रकट करते हुए दोनों ही अदालतों के पीठासीन अधिकारियों ने पुलिस के खिलाफ कड़ी मौखिक टिप्पणियां की और कस्टम्स अधिवक्ता को कहा कि यदि पुलिस विभाग जब्त सामान आदि देने से इनकार करती है तो सीधे पुलिस के खिलाफ शिकायत दें, जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद शुक्रवार देर रात को आरोपियों से जब्त किए गए सोना, पासपोर्ट, मोबाइल आदि के लिए जवाहर सर्किल थाना पुलिस की ओर से कस्टम्स अधिकारियों को फोन आया और पावती लेकर जब्त सामान पुलिस ने कस्टम्स को सुपुर्द भी कर दिया

**आज राज्यपाल दिखाएंगे हरी झंडी**

## CRPF की यशस्विनी महिला बाईकर्स का किया सम्मान



बेधड़क | जयपुर

श्रीनगर से रवाना हुई सीआरपीएफ की यशस्विनी महिला बाइकर्स शनिवार को शहर में पंहुची। इस अवसर पर निजी कॉलेज की छात्राओं और स्थानीय जनता द्वारा महिला बाइकर्स का सम्मान किया गया। वहीं रविवार को टीम को अल्बर्ट हाल से राज्यपाल कलराज मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में झंडी दिखा रवाना करेंगे।

गौरतलब हैं कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल महिलाकर्मियो की बहादुरी और दृढ़ संकल्प का जश्न मनाने को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। देश की नारी शक्ति के उत्सव के रूप में, सीआरपीएफ देश के विभिन्न हिस्सों से तीन महिला बाइकर्स टीम अभियान में ऐतिहासिक लाल चॉंक श्रीनगर, त्रिवेणी कन्याकुमारी, और शिलांग के पोलो ग्राउंड से तीन अक्टूबर को रवाना हुई थी। प्रत्येक टीम में 50 महिला कर्मियों के साथ 25 बाइकें शामिल है। सभी बहादुर महिलाएं एकता और समावेशिता का संदेश लेकर देशभर में लगभग 10 हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर रही हैं।

महिला बाइकर्स पूरे देश में 15 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों में महिला छात्राओं और महिला स्वयं सहायता समूहों से मिलेंगी और बातचीत करेंगी। यात्रा ऐतिहासिक लाल चौक श्रीनगर, पानी के संगम त्रिवेणी कन्याकुमारीऔर शिलांग के पोलो ग्राउंड से शुरू हुई यात्रा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर (गुजरात) पर जाकर समाप्त होगी ।

**जरूरी खबर**

### आज प्रदेश के तीन जिलों में बारिश का अलर्ट

**जयपुर।** शहर में एक दो दिन में फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। दिन में तेज धूप और रात में सर्दी होने से लोगों में भी मौसम को लेकर गफलत होने लग गई है। दिन में तेज धूप होने पर शनिवार को घरों में दुबारा पंखा और कूलर चलने लग गया, वहीं शाम होते ही मौसम ने करवट बदल ली। इस पर ठण्डी रात होने पर लोगों ने रजाईयां निकाल ली है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक दो दिनों में फिर से मौसम के बिगड़ने के आसार बन रहे है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके असर से ये बदलाव होगा। 23 अक्टूबर से वापस इन जिलों में मौसम साफ होने लगेगा और एक बार फिर तापमान गिरेगा।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


**रावत मिष्ठान भण्डार पर आयकर कार्रवाई समाप्त**

## अब तक 30 लाख और 400g सोना जब्त

बेधड़क | जयपुर

गणपति प्लाजा के निजी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे धन के आधार पर सोमवार से रावत मिष्ठान भण्डार के जयपुर और जोधपुर में छह ठिकानों पर शुरू हुई कार्रवाई शुक्रवार देर रात समाप्त हुई।

अब आयकर अधिकारी जुटाए गए दस्तावेज व जब्त किए गए इलेक्ट्रोनिक डिवाइस के आधार पर संस्थान के कुल कारोबार का आंकलन करेंगे। इस कारोबार पर कुल लाभ की गणना की जाएगी और विभाग रावत मिष्ठान भण्डार संचालकों पर देय कुल आयकर की गणना कर आयकर कानून के अनुसार आगे कार्रवाई करेगा। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार रावत मिष्ठान भण्डार के स्टेशन रोड स्थित मुख्य कार्यालय सह निवास पर दिन भर आयकर छापे की कार्रवाई चली। काली कमाई की घोषणा को लेकर रावत मिष्ठान भण्डार के संचालकों का रुख नकारात्मक ही रहा। विभाग अब तक 30 लाख और 400 ग्राम सोना जब्त कर चुका है। अधिकारी अब जब्त दस्तावेज व रावत मिष्ठान भण्डार के निवेश को आधार बना कर संस्थान के देय आयकर का आंकलन कर आयकर कानून के अनुसार आगे कार्रवाई करेंगे।




**विद्याधर नगर थाना पुलिस ने 17 लोगों को किया गिरफ्तार**

## दिखा रहे थे करोड़पति बनने का सपना

बेधड़क | जयपुर

राजधानी के विद्याधर नगर थाने में लोगों से भारत में प्रतिबंधित कम्पनी में पैसा निवेश कराने के नाम पर ठगी करने के आरोप में 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पकड़वाने में विद्याधर नगर थाने के कांस्टेबल प्रदीप कुमार की मुख्य भूमिका रही। पुलिस उपायुक्त राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शहर में चेन सिस्टम के जरिए मोटा पैसा कमाने के नाम पर ठगी बढ़ती जा रही है। इस पर थाने के कांस्टेबल प्रदीप कुमार को सूचना मिली कि थाना इलाके में एक कंपनी क्यू-नेट विहान के लोग घूम रहे हैं, जो करोड़पति बनने का सपना दिखाकर लोगों का ब्रेनवॉश कर रहे हैं। टोकन मनी के नाम पर रुपए जमा करवाते हैं। फिर रुपए लूट लेते हैं। इस पर विद्याधर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक मर्सडीज समेत तीन कार, 2 लैपटॉप, एक आईपैड और 20 महंगे मोबाइल जब्त किए। प्रदीप ने बताया- जांच करने पर पता चला भारत में प्रतिबंधित कंपनी क्यू-नेट विहान के ठगों की टोली जयपुर में सक्रिय हैं, जो सीधे-गरीब लोगों से सम्पर्क कर रहे हैं। कम्पनी में पैसा निवेश करने के लिए और प्रोडेक्ट खरीदने के लिए ब्रेनवॉश कर रही है। कंपनी में काम करने पर भारी मुनाफा देने, कुछ ही दिनों में करोड़पति बनने का सपना दिखा रहे हैं। कंपनी निवेश करने वालों लोगों को विदेश की यात्रा और घर बैठे लाखों रुपए की इनकम का लालच देते हैं।



**नशे पर वार: सीआईडी सीबी ने शहर में की दो बड़ी कार्रवाई**

# नकली बीड़ी का कारखाना पकड़ा, सात लाख रुपए की अफीम भी जब्त

बेधड़क | जयपुर

पुलिस मुख्यालय की सीआईडी क्राइम ब्रांच स्पेशल टीम ने शनिवार को शहर में दो बड़े मामलों का खुलासा किया है। पहली कार्रवाई में बिंदायका थाना क्षेत्र के सिरसी के पास नकली बीड़ी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। वहीं, दूसरी कार्रवाई में सिंधी केम्प से सात लाख की अफीम के साथ एक आरोपी को पकड़ा है।

दोनों मामलों के संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल रामनिवास, शंकर दयाल शर्मा व कमल सिंह को आयुक्तालय जयपुर के थाना बिंदायका क्षेत्र में नामी कंपनियों की बीड़ी बनाने की फैक्ट्री संचालित किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना को एडिशनल एसपी आशा राम चौधरी के सुपरविजन और इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में विकसित किया गया।



### फरार फैक्ट्री मालिक की तलाश

टीम ने बिंदायका थाने के जाब्ते के साथ सिरसी गांव के नजदीक अंबेडकर नगर में संचालित नकली बीड़ी बनाने की फैक्ट्री पर छापा मार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से नामी कंपनियों की तैयार बीड़ी के बंडल, खाली रैपर, टेप व 40 सील मोहर बरामद की हैं। एडीजी एमएन ने बताया कि फैक्ट्री मालिक माधोगढ़ बस्सी निवासी दीपक कुमार मीणा फैक्ट्री में नहीं मिला। मौके पर मौजूद कर्मियों आशीष कुमार, संजू और हरिओम निवासी कन्नौज जिला उत्तर प्रदेश को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में मुकदमा दर्ज कर फरार फैक्ट्री मालिक की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत, हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा, कमल सिंह, रामनिवास, कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा, देवेंद्र, कांस्टेबल चालक विश्राम की विशेष भूमिका रही। गिरफ्तारी बिंदायका थाना पुलिस द्वारा की गई।

### सिंधी कैंप बस स्टैंड जाते समय तस्कर को दबोचा

दूसरी ओर सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने जयपुर जंक्शन पर ट्रेन से उतरकर ऑटो से सिंधी कैंप बस स्टैंड जा रहे तस्कर को स्थानीय पुलिस के सहयोग से पकड़ उच्च क्वालिटी की 2 किलो अफीम बरामद की है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 7 लाख रुपए है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सूरज सिंह पुत्र चतर सिंह सोंधिया राजपूत (25) झालावाड़ जिले के जामुनिया गांव का रहने वाला है। शुक्रवार को इसके बारे में क्राइम ब्रांच के हैड कांस्टेबल महेश सोमरा को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ट्रेन से सन्दिग्ध वस्तु जयपुर ला रहा है। सूचना पर आईजी प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण और एडिशनल एसपी आशा राम चौधरी के सुपरविजन व इंस्पेक्टर राम सिंह और सुभाष सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, रविंद्र सिंह, शंकर शर्मा, कमल सिंह, राकेश जाखड़ व कांस्टेबल नरेश कुमार को रवाना किया गया। गठित टीम द्वारा आरोपी सूरज सिंह को ट्रेन से उतर ऑटो में बैठकर सिंधीकैंप की तरफ जाते हुए स्थानीय पुलिस के सहयोग से पकड़ा। इसके पास उच्च क्वालिटी की 2 किलो अफीम मिली। पूछताछ में आरोपी ने अपने गांव के ही शंकर सिंह (30) से अफीम लाना बताया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिंधी कैंप में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी से इनके नेटवर्क और अफीम की खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल महेश सोमरा की अहम भूमिका रही, वहीं हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह, शंकर शर्मा, कमल सिंह, राकेश जाखड़ व कांस्टेबल नरेश कुमार और सोहन देव का सहयोग रहा।

## जरूरी खबर

### भाजपा से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे भिंडा



**फतेहपुर।** पूर्व पालिकाध्यक्ष मधुसूदन भिंडा ने भाजपा से बगावत कर आगामी विधानसभा चुनावों में निर्दलीय चुनाव लड़ने की धोषणा की। अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि बुधवार को जनसंवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भाजपा आलाकमान को टिकट वितरण के निणर्य पर पुर्नविचार के लिए दो दिन का समय दिया था। समयावधी बीत जानें के बाद सैंकडो पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें चुनाव लड़ने का निर्देश दिया है। भिंडा ने स्पष्ट किया कि वे किसी अन्य दल से चुनाव नहीं लड़ेंगे बल्कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में रहेंगे।

### गांधी खेल मैदान में होगा 31 फीट के रावण का दहन

**टोंक।** श्रीरामकृष्ण मंदिर सेठ रामगोपाल मांगीलाल अग्रवाल धमार्थ ट्रस्ट की ओर से गांधी खेल मैदान में रावण दहन किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के मंत्री राजीव बंसल व मणिकांत गर्ग ने बताया कि 24 अक्टूबर को विजयदशमी के अवसर पर श्रीरामकृष्ण मंदिर नोशे मियां का पुल से गांधी खेल मैदान तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद श्रीराम व लक्ष्मण के द्वारा रावण दहन किया जाएगा। बंसल व गर्ग ने बताया कि इस बार 31 फुट ऊंचे रावण का दहन होगा। साथ ही आकर्षक अतिशबाज़ी भी की जाएगी।

### सिकंदर पारीक को मिला लाडली मीडिया अवॉर्ड



**पाली।** पॉपुलेशन फर्स्ट की ओर से लाडली मीडिया अवार्ड की शनिवार को घोषणा की गई। यूएनएफपीए के तत्वावधान में जयपुर झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकार सिकंदर पारीक को 'तालीम से तरक्की' बालिका शिक्षा से जुड़े कॉलम के लिए पुरस्कृत किया गया। पॉपुलेशन फर्स्ट की सीईओ डॉ. एएल शारदा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबा आमटे दिव्यांग विवि के कुलपति प्रो. डॉ. देव स्वरूप थे। अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। अवॉर्ड के लिए देशभर से कुल 857 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। इसमें से 87 पत्रकारों को रीजनल अवार्ड से नवाजा गया। वहीं 31 पत्रकारों को जूरी प्रशंसा पत्र दिया गया।

---

**बेटी से रेप के आरोपी पिता को कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाते हुए** फैसले में लिखी रामचरित्र मानस की चौपाई

# कलिकाल बिहाल किए मनुजा, नहिं मानत क्वौ अनुजा तनुजा...

**बेधड़क** | कोटा

अपनी ही मासूम बेटी के साथ हैवानियत करने वाले एक पिता को पॉक्सो कोर्ट ने उम्र केद की सजा सुनाते हुए फैसले में रामचरित्र मानस की चौपाई लिखी। इस चौपाई का उल्लेख करते हुए जज ने कहा कि आरोपी ने यह घृणित कृत्य करते समय इस बात पर भी विचार नहीं किया कि पीड़िता उसकी खुद की बेटी है।

शनिवार को पॉक्सो कोर्ट नंबर-3 के जज दीपक दुबे ने फैसला सुनाते हुए रामचरित मानस की चौपाई लिखी। उन्होंने काग भुसुंडि का कलियुग से जुड़ा प्रसंग बताते हुए पिता के खिलाफ फैसला सुनाया।

सरकारी वकील ललित कुमार शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने 15 पेज के फैसले में रामचरित मानस की चौपाई लिखी है। इसमें जज ने लिखा-'रामचरितमानस में कलियुग के प्रसंग को बताते हुए काग भुसुंडि ने गरुड़ से कहा- 'कलिकाल बिहाल किए मनुजा, नहिं मानत क्वौ अनुजा तनुजा...' अर्थात- कलयुग में मनुष्य बहन-बेटी का भी विचार नहीं करेगा।

कोर्ट ने टिप्पणी में लिखा- पिता द्वारा कुकृत्य करते समय इस मर्यादा को भी भुला दिया गया कि बेटी उसकी सगी पुत्री है।

उसके साथ इस प्रकार का घृणित कृत्य करेगा तो उसकी बेटी को न केवल असहनीय शारीरिक पीड़ा होगी, बल्कि उसे पहुंचने वाली मानसिक पीड़ा को भी वह जीवनभर कभी भी नहीं मिटा पाएगी।




### मां से मारपीट कर बेटी को उठा ले जाता

सरकारी वकील ललित कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़िता की मां ने 2 अगस्त 2021 को एसपी बारां को शिकायत दी थी। महिला थाना बारां में बिना नंबर की एफआईआर दर्ज कर 4 अगस्त को संबंधित थाने को भेज दिया गया। इसमें पिता पर आरोप था कि उसने 2 अगस्त 2021 के पहले जुलाई माह में अपनी 7 साल की मासूम बेटी के साथ एक खेत में बने कमरे में कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां ने शिकायत में बताया था कि उसका पति मजदूरी (हाली) करता है। वह आए दिन उसके साथ मारपीट करता है और उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म करता है। इससे परेशान होकर वह 2 अगस्त को दोनों बेटियों और एक बेटे सहित पीहर आ गई।

### ऐसे मामले में कठोर दंड जरूरी

कोर्ट ने कहा कि इस मामले में यदि आरोपी पिता को कठोर दंड से दंडित नहीं किया गया तो यह पॉक्सो अधिनियम की अपेक्षा के अनुरूप नहीं होगा। संभव है कि मासूम बेटियों का बचपन उनका संरक्षण करने वाले के हाथों ही कुचला जाता रहेगा। यह न्यायालय मुक्त कंठ से पीड़िता की मां के हौसले का सम्मान करता है। अत्यंत पिछड़ी जनजाति वर्ग के होने के बाद भी उसने अपनी मासूम बेटी की पीड़ा को न केवल समझा बल्कि तत्काल विरोध किया। कानूनी कार्रवाई कर अपने पति को दंड दिलाने में सहायता की। पीड़िता की मां बहुत गरीब है और मजदूरी करती है। अपनी तीन संतानों के भरण-पोषण के लिए वह अपने पति पर आश्रित थी। यह उदाहरण समाज के लिए प्रकाश स्तंभ की भांति संदेश देता है कि अन्याय करने वाला कोई भी क्यों न हो उसे सजा जरूर दिलानी चाहिए।

---

**धोद कस्बा रहा बंद,** थाने के बाहर चला प्रदर्शन का दौर

# पावर प्लांट के विरोध में उबाल पुलिस पर भेदभाव का आरोप

■ ग्रामीणों ने कहा- मर जाएंगे, लेकिन प्लांट नहीं लगने देंगे

**बेधड़क** | सीकर

जिले में धोद कस्बे में पावर प्लांट के विरोध में पिछले चार महीनों से चल रहा आंदोलन शनिवार को उबाल पर रहा। ग्रामीणों ने पुलिस पर आंदोलनकारियों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर आंदोलन को दबाने का आरोप लगाते हुए पुलिस के खिलाफ आक्रोश जताया। इसके लिए धोद पुलिस थाने के बाहर सैकड़ों लोगों का जमावड़ा दिखाई दिया। यहां एक सभा भी आयोजित की गई। इसको कई स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। लोगों का कहना है कि स्थानीय पुलिस प्रदर्शन कर रहे लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कर परेशान कर रही है।

इससे ग्रामीणों में काफी रोष है। पुलिस की ओर से ग्रामीणों पर मुकदमे दर्ज कर धरना समाप्त करने का दबाव बनाया जा रहा है और पुलिस लगातार ग्रामीणों को धमका रही है।

वहीं पावर प्लांट के कर्मचारियों की ओर से आंदोलनकारियों पर दर्ज कराए गए मामलों में शुक्रवार को भी पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा है। इनमें से प्रहलाद खोखर व गोविंद पलसानिया को छोड़ दिया गया, जबकि विनोद व महेश कुमार को गिरफ्तार कर रखा है। ग्रामीण इनकी गिरफ्तारी को लेकर आक्रोशित हैं।



### इलाके में पेयजल की पहले से कमी

पावर प्लांट का विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है धोद कस्बे में पेयजल की पहले से ही परेशानी है। यह इलाका डार्क जोन में है। ऐसे में पावर प्लांट लगने से यहां पानी की और भी कमी हो जाएगी। इससे यहां के लोगों की मुश्किलें बढ़ेगी। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले कई बार सरपंच व सीकर कलेक्टर को प्लांट नहीं लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंप चुके हैं। धरना- प्रदर्शन भी हुए हैं। प्रशासन ने उनकी मांग को हर बार अनदेखा किया है, लेकिन इस बार आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।

### प्रदूषण और बीमारियों को मिलेगा बढ़ावा

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि धोद में पावर प्लांट लगाने से भारी प्रदूषण होगा। इससे गांव में कई बीमारियों का खतरा पैदा हो जाएगा। गांव के चारों ओर घनी आबादी है। इससे धोद, भुवाला, लाडवा, ओला की ढाणी सहित अनेक आबादी क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि धोद कस्बा पहले ही डार्क जोन में है। यहां पीने के पानी की काफी कमी है। ग्रामीणों का कहना है कि हम इसके लिए आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। हम मर जाएंगे, लेकिन कस्बे में पावर प्लांट नहीं लगने देंगे।

### पुलिस कर रही भेदभाव: बगड़िया

वीसीए पावर प्लांट बंद करो के सदस्य रामरतन बगड़िया ने बताया कि पावर प्लांट के कर्मचारियों पर ग्रामीणों ने जानलेवा हमला करने व गणेश भाखर के घर में आग लगाने के मुकदमे दर्ज करवाए गए हैं, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। पुलिस ग्रामीणों के साथ भेदभाव कर रही है और वीसीए प्लांट के कर्मचारियों की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई कर रही है।

---

**पति को** अश्लील फोटो भेजने पर...

## गुस्से में महिला ने लिव इन पार्टनर को उतारा मौत के घाट

**बेधड़क** | कोटा



शहर की नांता पुलिस ने युवक की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए उसकी लिव इन पार्टनर महिला को गिरफ्तार किया है। दरअसल युवक ने महिला के पति को उसकी अश्लील फोटो भेजी थी। इसके चलते वह साथी युवक से नाराज थी। आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि युवक ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो उसके पति को भेज दिए थे, जिससे गुस्सा होकर उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

एसपी शरद चौधरी ने बताया कि नांता थाना इलाके के गणेश पाल मंदिर के पास एक मकान में युवक का शव मिला था। उसका चेहरा कुचला हुआ था। पुलिस ने परिजनों की तलाश की, जिसके बाद शव की शिनाख्त रामगंज मंडी की हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी नरेश के रूप में हुई। युवक कुछ दिन पहले ही इस मकान में एक महिला के साथ रहने लगा था।

युवक के परिजनों का कहना है कि वो अपनी पत्नी को छोड़कर किसी दूसरी महिला के साथ रह रहा था। परिजनों की ओर से दर्ज कराई शिकायत के बाद जांच शुरू की गई। घटना के बाद से महिला भी फरार चल रही थी। पुलिस टीम ने महिला को मध्य प्रदेश से दस्तयाब किया और कोटा लेकर आई।

### ब्लैकमेल करता था युवक

नांता थानाधिकारी मुकेश मीणा का कहना है कि महिला ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वह मृतक नरेश के साथ पिछले 7-8 माह से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। इस दौरान युवक ने उसके अश्लील वीडियो और फोटो बना लिए और पति को भेज दिए थे। आरोप है कि नरेश महिला को ब्लैकमेल कर परेशान कर रहा था। महिला ने नरेश के सो जाने के बाद एक पत्थर से उसका सिर कुचल कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी महिला अपने पति के पास चली गई थी।

---

### आकर्षण का केन्द्र बनी नवदुर्गा की झांकी




**मालपुरा।** सेवा भारती समिति मालपुरा के तत्वावधान में पांडुकशिला आदर्श नगर में शनिवार को सामूहिक कन्या पूजन किया गया। इसमें 1100 कन्याओं का पूजन किया गया। मोतीगिरी महाराज ने दुर्गा माता और श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्जवलन के बाद पूजा-अर्चना की। मंच पर नवदुर्गा की सजीव झांकी आकर्षण केन्द्र रही। कन्याओं का गाजे-बाजे के साथ माल्यार्पण व दुपट्टा धारण कराकर स्वागत किया गया। इसके बाद चरण प्रक्षालन कर कन्याओं को भोजन कराया गया। उन्हें उपहार भेंट कर विदा किया।

### देवेंद्र ने जीता स्वर्ण पदक



**टोंक।** अजमेर के दयानंद बाल निकेतन स्कूल में आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन की बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। इसक 56 से 60 किलोग्राम हैवीवेट में सैंट जोसेफ पब्लिक स्कूल की 11वीं कक्षा के छात्र देवेंद्र गुर्जर ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। देवेंद्र की इस स्वर्णिम सफलता पर स्कूल निदेशक गोरधन हिरोनी, प्रधानाचार्या हुमा खान, शारीरिक शिक्षक अरशद रजा व अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है। देवेंद्र अब नेशनल प्रतियोगिता में वेस्ट जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

---

**समाज की 29 अक्टूबर को** महापंचायत में बनेगी रणनीति

## केवट-कीर समाज को टिकट नही देने पर 20 सीटों पर लड़ेंगे निर्दलीय

**बेधड़क** | टोंक

राजस्थान कहार, कीर, केवट, भोई, मेहरा, कश्यप, धीवर, निषाद समाज आरक्षण समिति राजनीतिक पार्टियों से समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर कहार ने कहा है कि राज्य सरकार ने हमारे समाज के उत्थान व विकास के लिए राजस्थान राज्य केवट कल्याण बोर्ड का गठन करके समाज को सौगात दी है।

उन्होंने कहा कि समाज को राजनीति में भी प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। भाजपा-कांग्रेस से प्रदेश में कम से कम 2-2 सीटों की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोटा की लाडपुरा एवं टोंक जिले की देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में हमारे समाज के निर्णायक वोट हैं। यहां से समाज के प्रतिनिधि को टिकट दिया जाना उनकी वाजिब मांग है। उमाशंकर ने कांग्रेस-भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि हमारे समाज को महत्व न देकर टिकट नहीं दिया तो समाज 20 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार उतारेगा जो चुनाव में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर ने बताया कि टोंक जिले के देवली में 29 अक्टूबर को केवट समुदाय की प्रदेश स्तरीय महापंचायत आयोजित की जाएगी।



इसमें समाज के राजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं विधानसभा चुनाव में भागीदारी को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। इस अवसर पर सरिता केवट, सुरेश केवट, घांसीलाल मेहरा, गोविन्द केवट, ओमप्रकाश केवट, नाथूलाल मेहरा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

**नवगठित पालिका अध्यक्ष पद को लेकर हुआ विवाद**

# BJP नेता व बेटे पर हुआ हमला, कांग्रेस नेताओं पर आरोप

■ केलवाड़ा थाने में कराया आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज, कार्रवाई की मांग

**बेधड़क** | बारां

जिले की नवगठित केलवाड़ा नगर पालिका के अध्यक्ष पद को लेकर हुए विवाद में शनिवार सुबह भाजपा और कांग्रेस के नेता आमने-सामने हो गए।

आरोप है कि कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा नेता श्याम राठौड़ और उनके पुत्र पर सरिए से वार कर दिया। घटना में दोनों घायल के घायल होने के बाद उन्हें केलवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों ने प्राथमिक उपचार के बाद केलवाड़ा थाने पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इसके साथ ही जिला कलेक्टर नरेंद्र गुप्ता को भी घटनाक्रम की जानकारी दी। केलवाड़ा थाने के एसआई छाजू सिंह ने बताया कि परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



### स्टे की पालना नहीं करवाने से उपजा विवाद

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद गर्ग ने बताया कि यह पूरा मामला नवगठित नगर पालिका केलवाड़ा का है, जहां डीएलबी के निर्देशानुसार पूर्व में केलवाड़ा सरपंच रुक्मणी राठौड़ को अध्यक्ष बनाया गया था। बाद में वापस से सरकार के निर्देश पर दांता पंचायत के सरपंच को अध्यक्ष बना दिया गया। आरोप है कि इस दौरान केलवाड़ा सरपंच ने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया, लेकिन स्टे आने के 10 दिन बाद भी बारां कलेक्टर ने स्टे की पालना नहीं करवाई। इसके चलते यह झगड़ा हुआ है। जिला कलेक्टर को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर आग्रह किया है। इस पर उन्होंने आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो भाजपा एक बड़ा आंदोलन करेगी।

केलवाड़ा सरपंच रुकमणी राठौड़ के पति और भाजपा नेता श्याम बाबू राठौड़ ने बताया कि 8-10 लोगों के साथ आरोपी वहां आया और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने परिवादी और उसके बेटे के सिर पर सरिए से वार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

---

## एथलेटिक्स में सात और बॉक्सिंग में जीते 4 मेडल

**बेधड़क** | सीकर

एनएच-52 स्थित स्वामी केशवानन्द कांवेंट स्कूल भढाडर सीकर ने सीबीएसई वेस्ट जोन कलस्टर गेम्स में विजयी अभियान जारी रखा। खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि डीबीएन स्कूल अजमेर में आयोजित वेस्ट जोन कलस्टर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंडर 19 में 2 गोल्ड व 2 ब्रोंज मेडल के साथ चैम्पियनशिप पर कब्जा किया।

वहीं मॉर्डन पब्लिक स्कूल भिवाड़ी में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2 गोल्ड, 3 सिल्वर व 2 ब्रोंज सहित कुल 7 मैडल जीते। इसमें हर्ष कुमार ने 800मी में गोल्ड मेडल व 1500 मी. में सिल्वर मैडल, प्रमोद ने हाई जम्प में गोल्ड मेडल, सचिन ने जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल, आर्यन में 200 मी. मे सिल्वर मेडल, तनिष्क ने शॉट पुट में ब्रोंज मेडल व आर्यन तोमर ने 500 मी. में ब्रोंज मेडल हासिल किया।




इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी सहित प्रबंधन सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित की।



चुनावी पोळ

जाग्या भाग पटेलाई का,
शामिल सगळा बड़ा सरदार।
राजे, राज, जादूगरां,
अर उड़न खटोले रा असवार।।

■ गजानन

**सीधे फील्ड से** | मुद्दे का पोस्टमार्टम: ईआरसीपी के रास्ते तलाशी जा रही सत्ता की राह

# नहर पर निगाहें, गुर्जरों पर निशाना डैमेज से बचने में जुटी बीजेपी

**गजानन्द शर्मा** | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। सत्ता की दावेदार दोनों पार्टियां अपना अपना एजेंडा तय करने और प्रत्याशियों की घोषणा में जुटी हैं। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने हाल ही अपनी सभा में ईआरसीपी, जातिगत जनगणना, ओपीएस आदि मुद्दे उठाकर एजेंडा तय करने का प्रयास किया। कांग्रेस ईआरसीपी यानी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को पहले ही अपना चुनावी मुद्दा बना चुकी है और इसको लेकर वह अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी भाजपा पर काफी हमलावर भी है। अब वह इसके आधार पर वोटों की फसल भी काटना चाहती है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार कांग्रेस इसके माध्यम से नाराज गुर्जर मतदाताओं को साधने का प्रयास कर सकती है। ईआरसीपी गुर्जर-मीणा बेल्ट से होकर गुजरेगी। पार्टी ने ईआरसीपी को लेकर 16 अक्टूबर से बारां से जनजागरण अभियान शुरू किया, जिसमें पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आए थे। अब इसी यात्रा अभियान को प्रियंका गांधी ने दौसा की अपनी आम सभा में चुनावी आयाम दिया। उन्होंने अपने संबोधन में ईआरसीपी के मसले को जोरदार तरीके से उठाया और यह कहकर केंद्र पर निशाना साधा कि उसने ईआरसीपी का काम पूरा नहीं किया, इसे अब हम पूरा करेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ईआरसीपी राजस्थान के लिए बहुत अहम है। प्राणवायु की तरह है। राजस्थान के एक हिस्से को इंदिरा गांधी नहर परियोजना से निकली नहरों ने अन्न का कटोरा बना दिया है तो हाड़ौती अंचल को चंबल की नहरों ने अन्नपूर्णा बनाया है। अब यदि ईआरसीपी बनकर तैयार हो जाती है तो यह प्रदेश के लिए वरदान से कम साबित नहीं होगी। प्रदेश के जिलों का भूगोल बदलने से पहले ईआरसीपी प्रदेश के 13 जिलों से होकर गुजरने वाली थी। अब जिलों के पुनर्गठन के बाद इन जिलों की संख्या अधिक हो सकती है, पर मूल रूप से सवाईमाधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, दौसा, झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, करौली, अलवर, भरतपुर, धौलपुर जिले इसमें शामिल हैं।




### एंटी इन्कंबेंसी से लड़ने का हथियार है ईआरसीपी!

ईआरसीपी से प्रभावित 13 जिलों का सियासी गणित व सामाजिक समीकरण देखें तो मामला सियासी रूप से बहुत दिलचस्प नजर आता है। इनमें से कई जिलों में गुर्जर-मीणा मतदाता सियासी रूप से प्रभावशाली हैं और इसमें कांग्रेस की चुनावी जीत के कई सूत्र छिपे हैं। कांग्रेस को इस बार गुर्जर मतदाताओं को खासतौर पर साधना है। राजनीतिक तौर पर माना जाता है कि सचिन पायलट प्रकरण के बाद से गुर्जर मतदाता कांग्रेस से खफा हैं, तो क्या कांग्रेस ईआरसीपी के माध्यम से गुर्जर मतदाताओं को साध सकती है। कुछ राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यह परियोजना सत्ता विरोधी रूझान दूर करने में कुछ हद तक मददगार हो सकती है। ईआरसीपी से संबधित जिलों में प्रदेश की करीब 40-41 प्रतिशत आबादी रहती है और वहां 83 विधानसभा सीटें हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने यहां शानदार सफलता अर्जित की थी और इस बार वह अपने इस प्रदर्शन को दोहराना भी चाहेगी। यह आम धारणा है कि कांग्रेस को गुर्जर मत एक मुश्त मिले और उसकी शानदार जीत के संवाहक बने। लेकिन बाद में सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चले राजनीतिक विवाद के कारण गुर्जर मतदाता कांग्रेस से खफा हो गए और इस बार शायद पार्टी को पिछली बार जैसा समर्थन न मिल पाए। अब लगता है कांग्रेस पर ईआरसीपी के माध्यम से गुर्जर मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास कर रही है क्योंकि परियोजना से लाभान्वित होने वालों में किसानों में गुर्जर किसान भी होंगे और यह उनके लिए वरदान साबित हो सकती है।

### भाजपा गुर्जरों के लिए लाई बिधूड़ी का चेहरा

दूसरी ओर भाजपा भी गुर्जर मतों की धारा को अपनी ओर मोड़ने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। उसने गुर्जर नेता किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला को विधानसभा चुनाव में टिकट देकर अपने सियासी समीकरणों को धार दी। इसके साथ ही बसपा सांसद दानिश अली पर टिप्पणी को लेकर विवाद के घेरे में आए भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी को पार्टी ने टोंक का चुनाव प्रभारी बनाकर भी गुर्जर समाज को सियासी संदेश दिया है कि वह उनके साथ है। टोंक गुर्जर प्रभाव क्षेत्र है और पार्टी ने बिधूड़ी को वहां भेजकर न केवल गुर्जर मतों को साधने का प्रयास किया है, बल्कि उनको अपने पाले में लाने का प्रयास भी किया है। भाजपा ने प्रदेश के गुर्जर समाज को यह संदेश दिया है कि पार्टी ने राजनीतिक संकट से घिरे बिधूड़ी को अकेला नहीं छोड़ा है।

### 40 सीटों पर प्रभाव रखते हैं गुर्जर

कांग्रेस के पास प्रदेश का सबसे बड़ा गुर्जर सियासी चेहरा है लेकिन वोटों का बंटवारा रोकना बहुत ही चुनौती पूर्ण है। गुर्जर मतदाता जयपुर की दूदू, कोटपूतली, जमवारामगढ, विराटनगर, दौसा जिले में दौसा, बांदीकुई, लालसोट, सिकराय, महवा, टोंक जिले की टोंक, निवाई,देवली, उनियारा, मालपुरा, सवाई माधोपुर से जुडी सवाई माधोपुर,गंगापुर, खंडार अजमेर से जुडी पुष्कर, नसीराबाद, किशनगढ़, बूंदी से जुड़ी केशवरायपाटन, हिंडौली, खानपुरा, कोटा जिले की पीपल्दा भरतपुर से जुड़ी नगर, कामा, बयाना धोलपुर जिले की बाड़ी, बसेड़ी करौली की टोडाभीम, सपोटरा, बारां झालावाड़ की मनोहरथाना, अलवर जिले की बानसूर व थानागाजी सीट पर प्रभावी भूमिका में है। इनके अलावा भीलवाड़ा, झूंझनूं व सीकर जिले की कई सीटों पर भी गुर्जर मतदाता प्रभावी हैं। कुल मिलाकर 40 सीटों पर वे प्रभाव रखते हैं। अब यदि कांग्रेस ईआरसीपी के माध्यम से गुर्जर मतदाताओं के साथ अपने तार सार्थक रूप से जोड़ पाती है तो उसका असर अन्य सीटों पर हो सकता है।



**बिहाइंड द कर्टेन**

## उम्मीद थी मूसलाधार की, पड़े ठंडे छींटे

प्रदेश के विधानसभा चुनावों को लेकर गरमाए माहौल के बीच सत्ताधारी पार्टी की लिस्ट का बेसब्री से इंतजार हो रहा था। लंबे इंतजार के बाद आखिर शनिवार को पहली लिस्ट जारी हुई तो दावेदारों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, लेकिन उनके अरमान उस समय धरे रह गए जब लिस्ट में मात्र 33 प्रत्याशियों के नाम आए। हाथ वाली पार्टी की पहली सूची को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि कहीं न कहीं फूल वाली पार्टी में पहली लिस्ट के बाद उपजे विवाद को देखते हुए विरोध होने के डर से फिलहाल ज्यादा नामों की लिस्ट जारी नहीं की गई है। यायावर के ये भी सुनने में आया है कि 33 उम्मीदवारों के नाम की लिस्ट पार्टी में माहौल को आजमाने का प्रयास भी हो सकता है। इस लिस्ट के बाद होने वाली क्रिया-प्रतिक्रिया को देखकर आलाकमान आगे लिस्ट जारी करने की रणनीति तय करेगा। वहीं चर्चा ये भी है कि सत्ताधारी पार्टी प्रत्याशी उतारने की दौड़ में ही फूल वाली पार्टी से पिछड़ गई है। पार्टी ने दूसरी लिस्ट में 83 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। ऐसे में चर्चा गरम है कि हाथ वाली पार्टी में उम्मीदवारों के नामों को लेकर विरोध होने का डर आलाकमान को सता रहा है। ऐसे में फूंक-फूंककर कदम रखा जा रहा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि 33 नामों की लिस्ट हाथ वाली पार्टी के दावेदारों पर ठंडे छींटों के जैसी है। देखने वाली बात होगी कि खुद ही खुद के सिर सेहरा बांध दूल्हा बने भाइयों का घोड़ी चढ़ने का इंतजार कब खत्म होगा।

■ यायावर

**ई वॉर**



C. P. Joshi
@cpjoshiBJP

प्रदेश में दलितों पर हमले की कई संगीन वारदातें हो चुकी हैं। खैरथल की वारदात चिंताजनक है। कुछ दिनों पहले नागौर जिले में हुई दलित युवकों की हत्या के बाद प्रदेश सरकार ने पीड़ित परिवार को न तो न्याय दिया और ना उचित मुआवजा।
तुष्टिकरण की नीति में अंधी हुई गहलोत जी की सरकार में न्याय और मुआवजा राशि भी धर्म और जाति देखकर दी जाती है। अब हमें प्रण लेना है, ऐसी पक्षपाती सरकार को विदा कर प्रदेश में सुशासन लाना है।

Rajasthan PCC @INCRajasthan · Oct 20
राजस्थान के इलेक्शन में केवल काम बोलेगा
#काम_किया_दिल_से_कांग्रेस_फ़िर_से
#बजेगा_काम_का_बिगुल_जुमलों_का_डब्बा_गुल

**थड़ी पॉलीटिक्स**

## पार्टी बस टिकट दे सकती है, असली खेल तो जनता करेगी

**स्थान** टी-स्टॉल जेएलएन रोड, जयपुर

**समय** शाम 6 बजे



जिनको दिए हैं, उनके तो पहले ही फिक्स थे। चेहरे तो इन्होंने गिने चुने ही बदले हैं फिर लिस्ट निकालने में इतनी देर क्यों लगा रहे थे समझ नहीं आया। बस माहौल बनाना था क्या। ये तो वो ही बात हो गई- खोदा पहाड़ निकली चुहिया।" दोनों पार्टियों की लिस्ट आखिरकार मीटिंगों की गुफा से बाहर आ ही गईं। लिस्टें आने के बाद नेताओं और उनके समर्थकों में तो हलचल मचना लाजमी ही था। जिनको मिल गई उन्होंने खुशियां मनाना शुरू कर दिया तो जिन्हें नहीं मिली उनके सपनों पर पानी फिर गया। नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ ही सरकार बनाने वाले मतदाताओं पर चढ़ा चुनावी रंग भी लिस्ट आने के साथ ही कुछ और गहरा हो गया। कई इलाकों के उम्मीदवार फाइनल होने के बाद लोगों का नजरिया क्या कहता है, ये जानने हम पहुंचे जेएलएन रोड पर। यहां एक चाय की थड़ी पर यहां-वहां जुटे लोगों के समूहों में चल रही थी अलग-अलग किस्म की चर्चाएं। एक तरफ से आवाज आई-"ये होती है किस्मत, ताऊ इस बार भी ले आया टिकट। कितना ही चेहरे बदलेंगे, चेहरे बदलेंगे की रट लगा लो, पर जिनके पास पावर है उनको तो उतारना ही पड़ेगा। 15 साल से जो जीत रहा है, उसी को फिर टिकट दोगे तो नए नेता को कब मौका मिलेगा।" इशारा साफतौर पर बीजेपी की लिस्ट पर था। सामने वाले ने इशारा समझ अपनी राय रखी-"सही है, पर अबकी बार तो मुश्किल आएगी। सामने वाली मैडम ने पिछली बार भी भारी टक्कर दी थी, इस बार भी पीछे तो नहीं रहने वाली।" बात सही थी, पर इतनी सही भी नहीं कि चुपचाप गर्दन झुका मान ली जाए। अपने को मजबूत साबित करने के लिए फिर नई बात आई-" कोई टक्कर-वक्कर नहीं है। इनके खुद अपने ही नेता अभी तक कैसे आपस में मारकाट कर रहे थे, देखा नहीं क्या। जो खुद टिकट के लिए पूरा जोर लगा रहे थे, इतने दिनों से मैडम को गाली दे रहे थे, वो कोई कमी छोड़ेंगे क्या।" फाइनल वर्डिक्ट आया-"जो भी हो, सब जानते हैं, किसने क्या काम किया है। पार्टी से टिकट लाना और जनता से वोट लेना अलग बात है। ताऊ ने लोगों को कुछ निहाल किया होगा तो फिर आ जाएगा, मैडम ने कुछ भला किया होगा तो वो आ जाएगी। असली खेल तो जनता करेगी।" सच है चुनाव में पार्टी नहीं जनता जनार्दन है।



**पॉली क्लिक्स**

ये प्रदेश भाजपा कार्यालय है। दो दिन पहले ही यहां भीड़ का आलम ऐसा था कि पार्टी को अपने ही लोगों को अंदर घुसने से रोकने के लिए विशेष गार्ड लगाने पड़े थे। सामने गाड़ियों के रेले लगे हुए थे। शनिवार को पार्टी की दूसरी सूची बाहर आने के बाद से पार्टी दफ्तर का माहौल अचानक बदल गया। अब यहां न कोई आने वाला है, ना रोकने वाला। दफ्तर सुनसान पड़ा है।

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**


# मारवाड़ की उपेक्षा पर पहली बार खेतसिंह ने दी थी अलग मरुप्रदेश बनाने की चेतावनी




■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com


कहते हैं कि सोलहवां साल नाजुक होता है- यह आम धारणा है। लेकिन सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के चुनाव में मरु प्रदेश के गठन को मुद्दा बनाए जाने की चर्चा फिर हरी हो गई है। इसके पीछे एक तथ्य तो यह है कि तीसरी बार शासन सत्ता की बागडोर संभालने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अप्रत्याशित रूप से नए जिलों की घोषणा करके करारा राजनैतिक स्ट्रोक खेला है।

सत्ता की राजनीति में मेवाड़ के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मारवाड़ में भाजपा के नेताओं ने इस मुद्दे को हवा देने का प्रयास किया है। एक मायने में यह मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा खींची गई लाइन को बड़ी लाइन की दिशा में बदलने की राजनीतिक कसरत है। कारण यह है कि राज्य में जिलों के विस्तार का अधिकार तो प्रदेश सरकार के हाथों में है लेकिन नए राज्य का गठन अथवा पुनर्गठन केन्द्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। पूर्व सांसद पुष्प मैन तथा राज्यसभा सदस्य राजेन्द्र गहलोत के साथ यह आवाज उठाने वाले राज्यसभा के पूर्व सदस्य रामनारायण डूडी मरुप्रदेश के गठन संबंधी प्रस्ताव केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत कर चुके हैं। तत्कालीन जनसंघ नेता और न्यायाधिपति गुमानभल लोढ़ा ने भी मरु प्रदेश के गठन की मांग उठाई थी।




राजस्थान विधानसभा में भी मरु प्रदेश के गठन का मुद्दा उठाया जा चुका है। यह बात है 1977 में गठित छठी विधानसभा की। उन दिनों अकाल और सूबे की स्थिति पर चर्चा के दौरान मरु प्रदेश के मुद्दे पर जोरदार बहस हुई। जोधपुर जिले के शेरगढ़ से निर्वाचित कांग्रेस के खेतसिंह राठौड़ ने अकाल राहत कार्यों में भेदभाव बरतने तथा मारवाड़ की घोर उपेक्षा का आरोप लगाया।

सदन में अपनी बात रखते हुए वे इतने उत्तेजित हो गए कि उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि हमारी इसी तरह उपेक्षा की गई तो हम अलग से मरुप्रदेश बना लेंगे। इस पर भरतपुर से जनता पार्टी के टिकट पर निर्वाचित सुरेश कुमार शर्मा ने सदन में अपनी गंजी टांट (सिर) दिखाते हुए कहा कि हमारे जैसे राज्य के सरसब्ज इलाकों से अर्जित राजस्व आय से आप लोगों को अकाल राहत के नाम पर (मारवाड़ में) खिलाते खिलाते हमारी टांट गंजी हो गई। यह सुनते ही सदन में हंसी की लहर गूंज गई। बात आई गई हो गई पर आज 45 वर्षों बाद यह मुद्दा हवा में तैर गया है।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित धार्मिक स्थल- जहां भगवान विष्णु और शिव का है वास

# महाबलीपुरम: मंदिरों का शहर



### शाश्वत सनातन

*महाबलीपुरम मंदिरों का एक शहर है जो तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से 55 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित है। महाबलीपुरम को मामल्लपुरम के नाम से भी जाना जाता है,यह अपने हिंदू मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है, जो पल्लवों द्वारा सातवीं और आठवीं शताब्दी में बनाए गए थे। महाबलीपुरम वास्तुकला, कला और संस्कृति के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हुआ था। भव्य मंदिरों, स्थापत्य और सागर-तटों के लिए यह शहर बहुत अधिक प्रसिद्ध है। तट मंदिर और रथ गुफा मंदिर इनमें से सबसे अधिक प्रसिद्ध हैं।*

### तट मंदिर

महाबलीपुरम के तट मंदिर, मंदिरों में एक दम ताजा कर देने वाले त्रुटि रहित शिल्प हैं, जो ग्रेंडियोज़ द्रविणियन वास्तुकला से भिन्न है और जिसमें सुरक्षात्मक ब्रेक वॉटर के पीछे तरंगों पर स्तंभ बनाए जाते थे। सुंदर बहुभुजी गुम्बद वाले इन मंदिरो में भगवान विष्णु और शिव का निवास है। ये सुंदर मंदिर हवा और समुद्र के झोंकों से परिपूर्ण हैं, और मन को बेहद अभिभूत कर देने वाली संरचनाओं से परिपूर्ण हैं।

### वराह गुफा मंदिर

*वराह गुफा मां लक्ष्मी, दुर्गा और विष्णु के वराह अवतार को समर्पित है। बाहर से साधारण दिखने वाली इस गुफा के भीतर की दीवारें खूबसूरत मूर्तिकला से सुसज्जित हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस गुफा के खंभे भगवान नरसिंह के मजबूत बाजुओं पर टिके हैं। महाबलीपुरम में लगभग 40 अभयारण्यों या स्मारकों के साथ अखंड, रॉक-कट संरचनाएं हैं। मामल्लपुरम प्रारंभिक द्रविड़ वास्तुकला का प्रतिनिधित्व करता है और महाबलीपुरम वास्तुकला के कारण, इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया था। यूनेस्को की सूची में शामिल होने के बाद यह एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल बन गया है। महाबलीपुरम का चीन से ऐतिहासिक संबंध है और इसी के चलते महाबलीपुरम में भारत-चीन अनौपचारिक शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ था।*



### 7 हाथियों से नहीं खिसकी थी भगवान कृष्ण की 'मक्खन गेंद'

दक्षिण भारत के महाबलीपुरम में 1200 वर्ष पुराना एक पत्थर बहुत ही अजीबोगरीब तरीके से रखा हुआ है। इसे देखकर लगता है कि यह जरा से टल्ले में नीचे गिर पड़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। इस पत्थर की चौड़ाई 5 मीटर तथा ऊंचाई 20 फीट है। सन् 1908 में इस पत्थर पर उस समय के मद्रास गवर्नर आर्थर की नजर पड़ी तो उनको लगा कि यह पत्थर किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है इसलिए उन्होंने इस पत्थर को उसके स्थान से हटवाने के लिए 7 हाथियों से खिंचवाया पर यह पत्थर अपनी जगह से 1 इंच भी नहीं खिसका। ग्रेविटी के नियमों की उपेक्षा करते हुए यह पत्थर एक ढलान वाली पहाड़ी पर 45 डिग्री के कोण पर बिना लुढ़के टिका हुआ है,ये पत्थर करीब 50 टन का है। लोग इस पत्थर को ' भगवान वासुदेव श्री कृष्ण की मक्खन गेंद' भी कहते हैं क्योंकि उनका मानना है की यह पत्थर मक्खन की गेंद है, जिसको भगवान श्री कृष्ण ने अपनी बाल्य अवस्था में खाते समय नीचे गिरा दिया था।

### रथ गुफा मंदिर

महाबलीपुरम के रथ गुफा मंदिर का निर्माण पत्थरों को काट कर किया गया है। इसे विशेष रूप से इसमें बनाए गए रथों के लिए जाना जाता है। यह मंदिर रथ के आकार में बना हुआ है और इसमें भगवान शिव की महिमा के हजारों शिल्प बनाए गए हैं। महाबलीपुरम में आठ रथ हैं, जिनमें से पांच को महाभारत के पात्र पांच पाण्डवों और एक द्रौपदी के नाम पर नाम दिया गया है। इन पांच रथों को धर्मराज रथ, भीम रथ, अर्जुन रथ, द्रौपदी रथ, नकुल और सहदेव रथ के नाम से जाना जाता है।

### महाबलीपुरम का नामकरण

इस शहर का नाम महान दानवीर असुर राजा महाबली के नाम पर रखा गया था। महाबली ने विष्णु के वामन अवतार को तीन पग भूमि दान में दी थी। महाबली की दानवीरता और सत्यता से प्रभावित होकर वामन भगवान ने उन्हें पाताल लोक का चिरंजीवी राजा बनाकर खुद वहां के पहरेदार बन गए।



### राजा महाबली की राजधानी थी

राजा बलि का राज्य संपूर्ण दक्षिण भारत में था। उन्होंने महाबलीपुरम को अपनी राजधानी बनाया था। प्रसिद्ध पौराणिक पात्र वृत्र (प्रथम मेघ) के वंशज हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रह्लाद था। प्रह्लाद के पुत्र विरोचन का पुत्र महाबली था। दरअसल, कश्यप ऋषि की पत्नी दिति के दो प्रमुख पुत्र हिरण्यकश्यप और हिरण्याक्ष थे। हिरण्यकश्यप के 4 पुत्र थे- अनुहल्लाद, हल्लाद, भक्त प्रह्लाद और संहल्लाद। प्रह्लाद के कुल में विरोचन के पुत्र राजा बलि का जन्म हुआ। महाबली ने समुद्र मंथन में हिस्सा लिया था।

### 7 मंदिरों का स्थान के रूप में भी पहचान

7 वीं शताब्दी ईस्वी के एक चीनी यात्री ह्वेनसांग के अनुसार यह स्थान पल्लवों का समुद्री बंदरगाह था। वहां चट्टानों को काटकर बनाई गई इमारतें और संरचनात्मक इमारतें मिलीं। नरसिंहवर्मन प्रथम, जो पल्लव सिंहासन पर चढ़ा, को महाबलीपुरम में उनकी निर्माण परियोजनाओं के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। नरसिंहवर्मन प्रथम के बाद महाबलीपुरम को मामल्लापुरम के नाम से भी जाना जाता है, जिसे मामल्ल के नाम से भी जाना जाता था। 14वीं शताब्दी के यूरोपीय साहित्य में इसे 'सेवन पैगोडा का स्थान' या '7 मंदिरों का स्थान' के रूप में भी जाना जाता था। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों, विशेषकर चीन के साथ महाबलीपुरम के व्यापारिक संबंध इतिहास में दर्ज हैं।



### महाबलीपुरम का इतिहास



ये मंदिर 2000 वर्षों से अधिक पुराने है, और ईसवी युग की शुरुआत में, यह एक संपन्न बंदरगाह था। मामल्लपुरम का उल्लेख पहली शताब्दी ईस्वी के ग्रीक कार्य 'पेरिप्लस ऑफ द एरिथ्रियन सी' के साथ-साथ दूसरी शताब्दी ईस्वी के यूनानी भूगोलवेत्ता टॉलेमी द्वारा किया गया था। पल्लवों के आने से पहले ही इस क्षेत्र को प्राचीन काल में मल्लई या कदलमल्लई के नाम से जाना जाता था। पल्लव वंश तमिलनाडु में स्थित था और दूसरी शताब्दी के बाद यह खूब फला-फूला। उनका इतिहास, जो पत्थरों और शिलालेखों में दर्ज है, छठी से आठवीं शताब्दी तक का है। इससे पहले, महाबलीपुरम पहले से ही बंगाल की खाड़ी पर एक समृद्ध बंदरगाह था। इस क्षेत्र में कई सिक्कों और अन्य कलाकृतियों की खोज से पता चलता है कि रोमनों के साथ यहां से व्यापार किया जाता था। पल्लव मुख्य रूप से शैव थे, पर इन्होने कुछ वैष्णव मंदिर भी बनाए थे। महाबलीपुरम भी एक तीर्थ स्थल था और संत थिरुमंगई अलवार ने इसके सम्मान में गीतों की रचना की थी।

---

### कविता

## सड़क की पीड़ा





प्रभुनाथ शुक्ल
(बरिष्ठ पत्रकार, लेखक और समीक्षक

मैंने सुनी हैं उसकी आहटें
मौन पीड़ा और अकुलाहटें
वह बिलखती और तड़पती भी है
आंसूओं से नहाती भी है
लेकिन...
उसकी आवाज मौन है
क्योंकि, वह एक सड़क है!
अब वह अकेली है
उजड़ गए हैं उसके श्रृंगार
विस्तार के लिए काट दिए गए पेड़
वह अब नंगी और बेजान है
क्योंकि...
उसका अपनापन लूट गया
अब गर्म सूरज उसे पिघलाएगा
बारिश उसे भिगोएगी
वाहनों की चोट से वह घायल होगी
अपना सुख-दुःख भी नहीं बांट पाएगी
क्योंकि...
विस्तावाद में उसने अपनों को खो दिया
अब धूप में पिघलना, बारिश में भीगना
गर्मी से जलना और ठंड में सिकुड़ना
उसकी नियति होगी
क्योंकि...
उसका अपनापन लुट गया ?

---

### शब्दों की सीख

## कतरा भर प्यास...



महेश कुमार केशरी
बोकारो, झारखंड

**गतांक से आगे**

ऐसा नहीं था कि माजीद बेवकूफ था। वो अखबार पढ़ता था। चीजों को समलेकिन उसके गांव-घर में उज्जवला का अब तक कोई कनेक्शन नहीं आया है।राशनकार्ड भी नहीं बना है उसका। सिगड़ी में आग सुलग रही थी। उसने पतीली चढ़ाई चाय बनाने के लिए। उस आग में उसको अपना भविष्य भी धू-धू करके जलता दिखने लगा था। उसमें अब उस आग से आंख मिलाने का ताव नहीं बचा था। वो , क्या करेगा जब उसका बच्चा भी अपराधी बन जाएगा ?

उसके दादा-पड़दादा आजादी के आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों के लिए तलवार, फरसा, गंडासा और भाला बनाते थे अंग्रेजों से लड़ाई के लिए। उन दिनों दूसरे लोग या विदेशी हमारे दुश्मन थें।अब अपने लोग हैं जो सत्ता में बराबर की भागीदारी रखते हैं। लेकिन, हमारे हक की बात कभी नहीं करते ।

फिर, कौन अपने और कौन बेगाने लोग? जो अपने हैं, घोटाले कर रहें हैं। हमारे हिस्से का सब कुछ सफेदपोश बनकर हमारे ही सामने खा जा रहें हैं। भेंड़ों का शिकार कुछ भेड़िये कर रहें हैं। भेड़ों का एक भरा पूरा झुंड है। भेड़िए, शेर की तरह भेड़ के पुठ्ठों को नोच खाना चाहते हैं। भेड़ों का झुंड असहाय होकर एक-दूसरे को ताक रहा है। इससे भले तो ब्रिटिशर थे। कम से कम आजादी के इतने दिनों के बाद भी बने पुल - पुलिया, साबुत बचे हैं। यहां तो उद्घाटन के दो दिन बाद ही पुल-पुलिया गिर जा रहे हैं। क्या हुआ आजादी के पचहत्तर -छिहत्तर सालों के बाद भी? विकास , गुलाब सिंह के गांव का रास्ता जैसे भटक सा गया है। उसके गांव में आज भी पक्की सड़क नहीं बनी है। चापाकल तो हैं, लेकिन उनमें पानी नहीं आता। सिस्टम की तरह विकास भी अंधा हो गया है!

'बाबा काम हो गया क्या? कार वाली पाइप समेट कर रख दूँ? करमजीत सिगड़ी पर चढ़ी चाय को देखते हुए बोला।

" नहीं बेटे , कार की पाइप बाद में रखना। इधर आ मेरे पास आकर बैठ। करमजीत वहीं पास में आकर जमीन पर बैठ गया।

'बेटा, कोई भी बाप ये नहीं चाहेगा कि उसका बेटा बड़ा होकर कट्टा बने। कल से ये कट्टा बनाने का काम मैं छोड़ दूँगा।क्या करूँगा , तुम्हें अपराधी बनाकर ! कल बाहर चला जाऊँगा। तुझे और तेरी अम्मा को भी साथ ले चलूंगा, चेन्नई तेरे मामा के पास। तेरा मामा वहीं पोर्ट पर काम करता है। वहीं, कोई काम खोज लेंगे। ना तो अब कट्टा बनाऊंगा। ना ही बेचूंगा। अब कभी इस गांव में नहीं लौटेंगे हम। तुझे अपने सामने खत्म होते हुए नहीं देख सकता , बेटा।'

और गुलाब सिंह ने अपने बेटे करमजीत को अपने से चिपटा लिया। वो लगातार रोये जा रहा था। करमजीत को अब भी ये समझ में नहीं आ रहा था, कि आखिर हुआ क्या है?

लेकिन; क्या इतने भर से ये समस्या खत्म हो जानी थी? उस गांव में जब सैकड़ों की संख्या में गुलाब सिंह जैसे लोग थे। सैकड़ों की संख्या में करमजीत सिंह और सीमा के उस पार माजीद जैसे लड़के थें ?

---

### लघु कथा

## अबोध



माधुरी शास्त्री
सी/8, पृथ्वीराज रोड
जयपुर-1



गुड़िया को बहुत प्रयास करने के बाद भी भगवान का फोन नम्बर नही मिल पा रहा था। वह बहुत परेशान रहती पर विमाता के डर के मारे किसी से कुछ न कह पाती।

एक दिन उसने अपनी दादी से पूछा अम्मा! मेरी मां कहां गई? दादी ने उसे बहला-फुसला कर सिर्फ इतना ही कहा- बेटा तेरी मां भगवान जी के घर गई। यह कहते हुए उसके आंसू पोंछे और उसे अपने पास ही सुला लिया।

दादी बिल्कुल पढ़ी लिखी न थी। वह एक किसान की बेटी थी और किसान की ही पत्नी बनी। गांव का वातावरण था, लेकिन उनका घर पक्का था। उसके बेटे पढ़ लिख गए थे और पढे लिखे समाज में उनका उठना बैठना भी था।बाप कहता गुड़िया अब पांच साल की हो गई है, इसे स्कूल में डाल देना चाहिए। लेकिन विमाता हरदम अपने पति की बात काट देती... 'कौनसा इसे कलेक्टर बनना है, बड़ी होगी तो मेरे जैसे ही चूल्हे में सिर देना होगा, गोबर पोठा करना पडेगा, जैसाकि हम औरतें किस्मत में लिखा कर लाती हैं...। घर गृहस्थी सीखने दो, घर गृहस्थी सीखेगी तो राज करेगी।' बाप की बात जहां की तहां धरी रह जाती। बाप ने गुड़िया को आवाज लगाई-बेटा मेरी ये अर्जी फलां के घर जाकर बडे चाचा (ताऊ) को दे आना। मैं किसी जरूरी काम से दो दिन के लिए बाहर जा रहा हूं। गुड़िया ने अच्छा कहते हुए अपना सिर हिला दिया।

दूसरे दिन गुड़िया कागज मुठ्ठी में दबाये उस घर में गई। दरवाजा खुला था। वहां टेबल पर फोन खुला रखा था। बजा तो गुड़िया ने उठा लिया। हेलो- कौन बोल रहा है...किससे बात करनी है? उधर से आवाज आई-मैं भगवान बोल रहा हूं...। गुड़िया खुशी से उछल पड़ी...। उसकी खुशी का ठिकाना न रहा...। वह बोल पड़ी- कहां से बोल रहे हैं आप? मैं... सो कॉल्ड स्वर्ग...मतलब कश्मीर से बोल रहा हूं। अच्छा-अच्छा भगवान जी आज कल मेरी मां भी स्वर्ग में है। आपके शहर में। उनसे कहना गुड़िया बहुत दुखी है। नई मां बहुत मारती है...प्यार नहीं करती। चूटियां काटती हैं...। मेरे पूरे शरीर में देखा नील ही नील पड़े हैं...। मां से कहना वो जल्दी आये... कहते-कहते वो फोन पर ही रो पड़ी। सिसक उठी।

कश्मीर में बैठे भगवान जी के पैरों के नीचे से धरती खिसक गई। इस छोटी सी मासूम को मैं कैसे समझाऊं कि मैं वो भगवान नहीं, मेरा तो बस नाम ही भगवान है...। फिर भी जैसे-तैसे अपने को व्यवस्थित करते हुए बोल दिये 'ठीक है बेटा...मैं वहां जाते ही तुम्हारी मां से मिलकर सब बता दूंगा कि गुड़िया ने तुम्हें जल्दी बुलाया है। पर बेटा तुम भी थोड़ा सब्र रखना। अच्छा...। इतने में उस घर का कोई सदस्य आ गया।

उसने गुड़िया के हाथ से फोन ले लिया। गुड़िया की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, वह दौड़ी-दौड़ी अपने घर गई और दादी से चिपट कर बोली- अम्मा-अम्मा! मेरी भगवान जी से बात हो गई वे आजकल स्वर्ग में नहीं हैं, कश्मीर घूमने आये हैं। देखना अब मेरी मां जल्दी आ जाएंगी। कहते हुए वह अपनी दादी का हाथ पकड़कर लगभग नाचने सी लगी। गुड़िया की बातें सुनकर दादी स्तब्ध रह गई कि इसे कैसे बताऊं कि ये भगवान वो भगवान नहीं। वह गुड़िया की खुशी को दुख में नहीं बदलने नहीं देना चाहती थी। वे मन में ही बोलीं- 'अबोध है बेचारी'। गुड़िया की भावनाओं में सराबोर दादी ने गुड़िया को अपनी छाती से लगा लिया और सिर पर हाथ फेरती रही।

**छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव:** पहले चरण की 20 सीटों में से 19 पर है कांग्रेस का कब्जा, गढ़ बचाने की है चुनौती

# बागियों को मनाने की जुगत में जुटी पार्टियां, बघेल ने की रवि से वार्ता

**एजेंसी** | रायपुर/ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण की में 20 सीटों के लिए नामांकन शुक्रवार को समाप्त हो गया था। 23 अक्टूबर को नामांकन वापसी का आखिरी दिन है। ऐसे में सभी बड़े राजनीतिक दल के नेता अपने बागी प्रत्याशियों को मनाने की जुगत में लग गए हैं।

नाम वापसी के आखिरी दिन साफ हो पाएगा कि कितने प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं और कहां सीधा मुकाबला है और कहां बहुपक्षीय टक्कर है। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को बस्तर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश



बघेल ने जगदलपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता टीवी रवि से काफी देर तक बातचीत की और नाम वापस लेने को भी कहा। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि टीवी रवि नाम वापस ले रहे हैं या नहीं। राज्य में मतदान के प्रथम चरण में 20 सीटों पर सात नवंबर को वोट डाले जाएंगे।



20 में से 12 सीट बस्तर व आठ सीट दुर्ग संभाग की हैं। इन 20 सीटों में से 19 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। एक मात्र राजनांदगांव सीट पर भाजपा नेता व पूर्व सीएम रमन सिंह विधायक है। कांग्रेस के सामने 19 सीटों को बचाने की चुनौती होगी, वहीं भाजपा अपनी सीटें बढ़ाने की मंशा से मैदान में उतरेगी।

### कई दिग्गज हैं मैदान में

पहले चरण के महासंग्राम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित सात मंत्री भी चुनावी मैदान में होंगे। इसमें भाजपा के चार पूर्व मंत्री व कांग्रेस के तीन मंत्री शामिल हैं। है। इन हाईप्रोफाइल सीट पर सभी की नजर होगी। छत्तीसगढ़ में बस्तर के बारे में कहावत प्रचलित है कि बस्तर से होकर ही सरकार का रास्ता तय होता है। इस वजह से भाजपा और कांग्रेस बस्तर की 12 विधानसभा सीट पर किसी भी कीमत पर जीत दर्ज करना चाहेगी। इसके लिए भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर में सभा की। बस्तर की आधा दर्जन सीटों पर रोचक मुकाबले के आसार हैं।

### बस्तर: जगदलपुर से निर्दलीय प्रत्याशी सबसे धनी

राज्य के बस्तर संभाग की हाई प्रोफाइल सीट जगदलपुर सीट से निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के बागी प्रत्याशी टीवी रवि ने 25 करोड़ से अधिक की संपत्ति का ब्यौरा दिया है। टीवी रवि सभी प्रत्याशियों में सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को भी पीछे छोड़ दिया है। बैज ने हलफनामे में लगभग 2 करोड़ 3 लाख रुपए की संपत्ति का जिक्र किया है। इसी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जतिन जायसवाल ने 16 करोड़ 15 लाख रुपए की संपत्ति दिखाई है, वहीं बीजेपी प्रत्याशी किरण देव ने ढाई करोड़ रुपए और बस्तर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी लखेश्वर बघेल ने 8 करोड़ 15 लाख रुपये की संपत्ति दिखाई है। बस्तर जिले की तीन विधानसभा सीटों जगदलपुर, चित्रकोट और बस्तर में सबसे धनी प्रत्याशी टीवी रवि हैं। बस्तर से कांग्रेस प्रत्याशी लखेश्वर बघेल ने 8 करोड़ 15 लाख रुपए की संपत्ति की जानकारी दी है। बघेल तीसरे सबसे धनी प्रत्याशी हैं।

### दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण की 70 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू शनिवार को शुरू हो गई। इसके सभी जिला मुख्यालयों में नामांकन जमा करने के लिए व्यवस्था की गई है। नामांकन 30 अक्टूबर तक दाखिल किए जाएंगे। लेकिन इस बीच सार्वजनिक छुट्टी और महीने के चौथे शनिवार की छुट्टी के कारण 4 दिन तक अभ्यर्थी नामांकन दाखिल नहीं कर पाएंगे।

### कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची जारी

कांग्रेस ने राज्य के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। सूची में राज्य के साथ-साथ केन्द्र के कई बड़े नेताओं को भी शामिल किया गया है। इनमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, भूपेश बघेल समेत कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं।

## एम. अजहरुद्दीन कांग्रेस की टिकट की दौड़ में शामिल



**हैदराबाद।** कांग्रेस के पूर्व सांसद और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को आनेवाले विधानसभा चुनावों के लिए हैदराबाद में जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र से दो अन्य दावेदारों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अजहरुद्दीन अभी भी सबसे आगे हैं, जुबली हिल्स के पूर्व विधायक पी विष्णुवर्धन रेड्डी और युवा कांग्रेस के तेलंगाना उपाध्यक्ष आमेर जावेद ने दिल्ली में अपनी पैरवी तेज कर दी है। विष्णुवर्धन कांग्रेस विधायक दल के पूर्व नेता पी जनार्दन रेड्डी के बेटे हैं और उन्होंने 2009 में जुबली हिल्स सीट जीती थी। हालांकि, वह 2014 और 2018 के चुनावों में बीआरएस उम्मीदवारों से हार गए थे। विष्णु की बहन के विजया रेड्डी खैरताबाद से टिकट की दौड़ में हैं।

## एमपी में सभी बूथों पर पहुंचेंगे भाजपा कार्यकर्ता: शर्मा

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि पार्टी ने युवा, अनुभवी और ऐसे कार्यकर्ताओं को टिकट दिया है जो अच्छे कार्यकर्ता के साथ-साथ सामाजिक कल्याण की दिशा में भी काम कर रहे हैं। शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारे प्रत्याशी और कार्यकर्ता विकास और जनकल्याण का झंडा लेकर प्रदेश के 64 हजार 523 बूथ पर जाएंगे और प्रचंड जीत के साथ इतिहास बनाएंगे। राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदेश के साढ़े नौ करोड़ लोगों में से छह करोड़ 98 लाख हितग्राहियों को मिल रहा है।

**कल्याणकारी योजनाओं के लिए केंद्र की पहल**

# दीपावली बाद शुरू होगी विकसित भारत यात्रा

- प्रधानमंत्री मोदी ने छह माह का रखा लक्ष्य
- 2.7 लाख पंचायतों में शुरू होगा मेगा अभियान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार अपनी कल्याणकारी योजनाओं को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शुरू करेगी। सूत्रों ने बताया कि दिवाली के बाद 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की शुरुआत होगी।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पूरी तरह से लागू करने के लिए छह महीने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए देशभर में 2.7 लाख पंचायतों में एक व्यापक अभियान शुरू करेगी। सूत्रों ने कहा कि पीएम मोदी ने हाल ही में कैबिनेट की बैठक में अपने सहयोगियों को कड़ी मेहनत करने के लिए कहा था। पीएम मोदी ने योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया था, ताकि योजनाओं में गति लाया जा सके।



### कांग्रेस ने किया विरोध , उठाए सवाल

इस बीच, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इसे लेकर सोशल मीडिया एक्स पर एक पत्र शेयर किया है जिसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार अपनी नौ साल की उपलब्धियों को दिखाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकालेगी। जिसकी प्लानिंग, तैयारियों और क्रियान्वयन के लिए संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव स्तर के अधिकारियों को रथ प्रभारी बनाया जाएगा। खेड़ा ने इसका विरोध करते हुए कहा कि किसी अधिकारी को राजनीतिक प्रचार का प्रचारी कैसे बनाया जा सकता है। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि यह पीएम मोदी का एक और अहंकार भरा आदेश है।

### इन योजनाओं को किया गया शामिल

सूत्रों के अनुसार, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पीएम आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान, फसल बीमा योजना, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनऔषधि योजना और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं को शामिल किया जाएगा। बता दें कि मोदी सरकार बार-बार कल्याणकारी योजनाओं में गति लाने के लिए जोर देती रही है। सरकार बिना भेदभाव के सभी लोगों तक इन योजनाओं को पहुंचाना चाहती है।

## कांग्रेस एमएलए को भाजपा में आने की पेशकश

**एजेंसी** | रायपुर

भाजपा सांसद सुनील सोनी ने टिकट से वंचित कांग्रेस विधायकों को पार्टी में शामिल होने के लिए खुला न्यौता दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को उखाड़ने के लिए जो कुछ बन पड़ेगा, हम करेंगे। कांग्रेस चप्पल घिसवाने वाली पार्टी हैं, जिन्हें टिकट नहीं मिली, उनका भाजपा में स्वागत है।

सुनील सोनी ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में राज्यसभा के उप नेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी के बयानों पर तंज कसते हुए कहा कि प्रमोद तिवारी दिल्ली से सोनिया गांधी के रट्टू तोता बनकर आए हैं।

प्रमोद तिवारी से हमारा यह सवाल है कि वह किस आधार पर छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, और मिजोरम जीतने का दम भर रहे हैं, जबकि उनके नेता राहुल गांधी भी ऐसा कहने की स्थिति में नहीं हैं। इन राज्यों में भाजपा शत-प्रतिशत जीत रही है। दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मणि वैष्णव ने सुनील सोनी के बयानों पर पलटवार करते हुये कहा कि सोनी पहले अपने घर की आग बुझाएं। उसके बाद किसी और की चिंता करें।

**सपा- कांग्रेस में जुबानी जंग**

# रामगोपाल यादव का कमलनाथ पर वार कहा, 'ये छुटभैया नेता'





**एजेंसी** | लखनऊ

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच जुबानी जंग जारी है। सपा नेता रामगोपाल यादव ने मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पर पलटवार करते हुए कहा है कि हमें इन पर कुछ नहीं कहना है, ये छुटवइये नेता हैं।

कमलनाथ ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में अखिलेश यादव की एक टिप्पणी को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा था कि छोड़ो भई अखिलेश-वखिलेश को। अब इसी बयान पर रामगोपाल यादव की प्रतिक्रिया सामने आई है। रामगोपाल यादव अखिलेश के चाचा हैं। इससे पहले चाचा शिवपाल यादव ने भी कमलनाथ की टिप्पणी और यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के बयानों पर कहा था कि कांग्रेस को अपने छोटे नेताओं के बोलने पर रोक लगानी चाहिए।

बता दें कि अखिलेश यादव और अजय राय के बयानों के बाद उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में सियासी हलचल मची हुई है। इस जुबानी जंग के बीच अखिलेश यादव ने कह दिया था कि हमें बुलाया ही क्यों था जब गठबंधन नहीं करना था। उन्होंने कांग्रेस को धोखेबाज तक कह दिया।

**पांच राज्यों में विधानसभा**

# पीएम मोदी के धुआंधार दौरे जल्द, होंगी 35 रैली

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पांच चुनावी राज्यों में चुनाव प्रचार अभियान के गति पकड़ने के बीच भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के सहारे अपने प्रचार अभियान को गति देने की तैयारी में है। इसके तहत पीएम मोदी इन पांच राज्यों में कुल मिलाकर 34 से 35 रैलियां कर सकते हैं।

इनमें से मध्यप्रदेश में कुल 11, राजस्थान में 10, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में 6-6 रैलियां को संबोधित कर सकते हैं। इनके अलावा मिजोरम में भी एक रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को मध्य प्रदेश के दौरे थे।

हालांकि पीएम मोदी यहां पर किसी सियासी रैली को संबोधित करने नहीं बल्कि सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस समारोह आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए।

इससे पहले पीएम मोदी ने ने गुरुवार को विश्वास जताया था कि मध्यप्रदेश के मतदाता पिछले दो लोकसभा चुनावों की तरह विधानसभा चुनाव में भी उन्हें सीधा समर्थन देंगे और डबल इंजन की सरकार चुनेंगे।

## भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का नाम शामिल हैं। इससे पहले भाजपा ने 18 अक्टूबर को मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की थी। अबतक पार्टी ने 21 उम्मीदवारों का एलान किया है। पिछले विधानसभा चुनाव में मिजो नेशनल फ्रंट को 40 में से 26 सीटों पर कामयाबी हासिल हुई थी।

**तेलंगाना:** बीआरएस नेता का तीखा प्रहार

# राहुल गांधी कोई 'बब्बर शेर' नहीं: कविता

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना में विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी घमासान के बीच भारत राष्ट्र समिति की एमएलसी नेता के कविता ने शनिवार को राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला और उन्हें कागजी शेर और स्थानीय राजनीति को न समझने वाला बताया।

इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी को अपनी चुनावी रैली में तेलंगाना सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों विचार करने को भी कहा। कविता ने कहा कि राहुल गांधी आप तेलंगाना आएं, लेकिन सार्वजनिक रूप से जो कह रहे हैं



उसकी समीक्षा करें। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी कोई 'बब्बर शेर' नहीं हैं। वह एक कागजी शेर हैं, क्योंकि कोई भी उन्हें कुछ भी लिखकर दे देता है और वह उसे पढ़ देते हैं।

### राहुल गांधी न स्थानीय राजनीति समझते हैं और ना संस्कृति

के कविता ने कहा कि राहुल गांधी न स्थानीय राजनीति को समझते हैं और ना ही उनमें इस क्षेत्र की स्थानीय परंपराओं या संस्कृति की समझ हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोग राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा जागरूक हैं, क्योंकि हमने अपने राज्य के लिए लड़ाई लड़ी, हमने अपने राज्य के लिए अपनी जान दे दी। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कविता ने कहा, अगली बार जब आप यहां आएं तो किसी 'डोसा बंदी' (स्टॉल) पर जाकर डोसा न खाएं, बल्कि तेलंगाना के किसी शहीद की मां के पास जाएं, तब आपको दर्द का पता चलेगा और तेलंगाना का मुद्दा भी समझ आएगा नहीं तो आप कुछ नहीं समझेंगे।

**मध्य प्रदेश की चुनावी डायरी**

# ज्योतिरादित्य सिंधिया को नहीं बनाया प्रत्याशी, अटकलों पर लगा विराम

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शनिवार को अपनी पांचवीं सूची जारी कर 92 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए। पार्टी ने इस सूची में मौजूदा 67 विधायकों में से 37 विधायकों को फिर से मौका मिला है, जबकि 3 मंत्रियों समेत 29 विधायकों के टिकट काटे गए हैं।

पार्टी ने 12 महिलाओं को भी टिकट दिया है। इससे पहले पार्टी ने अपनी चार सूचियों में राज्य में 136 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे। पार्टी तक 228 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अब गुना और विदिशा की दो सीटों पर नामों की घोषणा करनी है।



पार्टी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को चुनावी मैदान में नहीं उतारा है। पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि सिंधिया को शिवपुरी से प्रत्याशी बनाया जा सकता है, लेकिन पार्टी ने वहां से देवेंद्र जैन को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने शिवपुरी सीट से ज्योतिरादित्य की बुआ यशोधरा राजे सिंधिया का टिकट काटकर जैन को प्रत्याशी बनाया है। यशोधरा राजे ने स्वास्थ्य का



हवाला देते चुनाव लड़ने से पहले ही इनकार कर दिया था। पार्टी ने सिंधिया परिवार की रिश्तेदार माया सिंह को ग्वालियर पूर्व से प्रत्याशी बनाया है, जबकि ग्वालियर दक्षिण से पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाह को मिला टिकिट दिया है। शिवपुरी व ग्वालियर की सीटों पर टिकट की घोषणा से अब ज्योतिदित्य सिंधिया के चुनाव लड़ने की अटकलों पर भी विराम लग गया है।

### BJP की पांचवी सूची जारी

- 92 प्रत्याशियों के नाम घोषित
- 67 में से 37 विधायकों के टिकट काटे
- 12 महिला प्रत्याशियों को उतारा मैदान में
- यशोधरा राजे समेत तीन मंत्रियों का भी काटा टिकट

### इन महिलाओं को दिया टिकट

पार्टी ने धार सीट से नीना वर्मा, बुरहानपुर से अर्चना चिटनीस, नेपानगर से मंजू दादू, पंधाना से छाया मोरे और खंडवा से कंचन तन्वे को मौका दिया है। इसी तरह बालाघाट से मौसमी बिसेन, मंडला से संपतिया उइके, चित्रांगी से राधा सिंह, रैगांव से प्रतिमा बागरी और हट्टा से उमा सिंह को प्रत्याश बनाया गया है। इनके अलावा माया सिंह को ग्वालियर पूर्व और उषा ठाकुर को महू से प्रत्याशी बनाया गया है।

### इनका काटा टिकट

पार्टी ने यशोधरा राजे समेत तीन मंत्रियों का टिकट काटा है। दो अन्य मंत्री ओपीएस भदौरिया और गौरीशंकर बिसेन हैं। बिसेन की जगह उनकी बेटी मौसमी बिसेन को बालाघाट सीट से टिकट दिया गया है। पार्टी ने इंदौर-3 से मौजूदा विधायक आकाश विजयवर्गीय का टिकट काट दिया है। उनकी जगह राकेश शुक्ला को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, सिंधिया समर्थक मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया को फिर से गुना जिले की बमौरी विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। भाजपा ने मनगंवा सीट से नया प्रयोग करते हुए नरेंद्र प्रजापति पर दांव चला है। भाजपा ने यहां से अपने वर्तमान विधायक पंचूलाल प्रजापति का टिकट काट दिया है। मंत्री रामखेलावन पटेल को भाजपा ने अमरपाटन से प्रत्याशी बना दिया। भाजपा ने त्योंथर से सिद्धार्थ तिवारी को उम्मीदवार बनाया है।

### शिवराज व कमलनाथ में वार पलटवार

मध्य प्रदेश में प्रत्याशियों की घोषणा के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व पूर्व सीएम कमलनाथ के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। कमलनाथ, लगातार आरोप लगाते हैं कि सीएम शिवराज सिंह चौहान नारियल लेकर चलते हैं। इस पर शिवराज ने पलटवार करते हुए कहा, हां, मैं नारियल लेकर चलता हूं, तो कमलनाथ ताला लेकर चलते हैं। कांग्रेस की सरकार आने पर जो भाजपा की सरकार की योजनाएं हैं, उनको बंद करके ताला डाल देते हैं। सीएम शिवराज ने कहा कि ये कमलनाथ थे, सवा साल के लिए सरकार बनी तो बैगा, भारिया, सहरिया बहनों के आहार अनुदान पर ताला डाल दिया। उन्हें एक हजार रुपया मिलता था उस पर ताला डाल दिया। गरीबों के कल्याण की योजना, संबल पर ताला डाल दिया। शिवराज ने कहा, मैं नारियल लेकर चलता हूं, क्योंकि मैं विकास और जनकल्याण करता हूं। कांग्रेस ने इस चुनाव को नकुल नाथ और जयवर्धन सिंह के भविष्य का चुनाव बना दिया है। ऐसा लगता है कि मध्यप्रदेश में खरगे जी ने कांग्रेस के टिकट बांटने की फ्रेंचाइजी कमलनाथ को दे दी है, जिसके बाद कमलनाथ जी किसी की नहीं सुन रहे हैं।

## जरूरी खबर

### गांधी शांति पुरस्कार की जूरी में नायडू नामित



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिष्ठित गांधी शांति पुरस्कार की मौजूदा जूरी में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को नामित सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने नायडू को भेजे पत्र में यह जानकारी साझा की। मंत्रालय के अधिकारियों ने शनिवार को पत्र की एक प्रति मीडिया को जारी की।

### भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होगा चक्रवात 'तेज'

**नई दिल्ली।** चक्रवात 'तेज' एक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। 22 अक्टूबर तक इसके भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि अरब सागर के ऊपर तूफान 25 अक्टूबर की सुबह के आसपास अल गैदा (यमन) और सलालाह (ओमान) के बीच से गुजरने की संभावना है। आईएमडी ने सोशल मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, चक्रवात 'तेज' सोकोट्रा (यमन) से लगभग 550 किमी पूर्व दक्षिण पश्चिम अरब सागर पर है। अगले 24 घंटों के दौरान यह तीव्र हो जाएगा। 25 अक्टूबर की सुबह के आसपास अल गैदाह (यमन) और सलालाह (ओमान) के बीच यमन ओमान तटों को पार करेगा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम अरब सागर पर दबाव एक गहरे दबाव में बदल गया है।

### संतोषजनक नहीं है यमुना नदी की सफाई: एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के मुताबिक यमुना नदी की सफाई 'संतोषजनक स्थिति से कोसों दूर है एनजीटी ने यह भी पाया कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और राष्ट्रीय राजधानी सरकार सहित अन्य एजेंसियों द्वारा दाखिल की गई रिपोर्ट में कई 'खामियां' हैं, जिनमें नदी में छोड़े जाने वाले नालों, जलमल शोधन संयंत्रों (एसटीपी) के संचालन की निगरानी और नदी के डूब क्षेत्रों को पूर्व की स्थिति में लाने जैसे मुद्दों के संबंध में जानकारी शामिल है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने रेखांकित किया कि अधिकरण के पहले के निर्देशों के आधार पर, दिल्ली सरकार, डीजेबी, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और हरियाणा ने नदी के बारे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल की।

## युद्धस्तर पर जारी है राम मंदिर का निर्माण कार्य



फोटो: राजेश कुमावत





*अयोध्या। अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। कड़ी सुरक्षा के बीच हजारों शिल्पकार, मजदूर दिनरात निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। वर्ष 2024 में जनवरी में राम मंदिर निर्माण का उद्घाटन होना तय है। निर्माण कार्य में राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के हल्के गुलाबी रंग के पत्थरों का इस्तेमाल हो रहा है। मंदिर निर्माण कार्यशाला स्थल पर कई सालों से निर्मित पड़े हुए स्तंभ एवं कलात्मक झरोखों पर बारिश एवं मौसम से कुछ कालापन आ गया था, जिन्हें सैकड़ों शिल्पकार उन्हें नया स्वरूप दे रहे हैं।*

## सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस में शामिल हुए प्रधानमंत्री

# आपके सपने और संकल्प दोनों ही बड़े होने चाहिएं: पीएम मोदी

एजेंसी | ग्वालियर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आज भारत सफलता की जिस ऊंचाई पर है, वह अभूतपूर्व है और पूरे विश्व में भारत की धाक जमी हुई है। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को भारत चंद्रमा पर वहां पहुंचा, जहां अब तक कोई देश नहीं पहुंच पाया था। वे यहां ग्वालियर के किले पर स्थित सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने छात्रो से कहा कि आपके सपने और संकल्प दोनों बड़े होने चाहिए, आपका सपना ही मेरा संकल्प है। हमेशा आउट आफ बाक्स सोचिए। अपने आइडिया, सपने नमोएप पर शेयर करिए। उन्होंने कहा कि शार्टकट तात्कालिक लाभ पहुंचता है। लेकिन लांग टर्म की सोच के साथ काम करना होगा।



### ज्योतिरादित्य गुजरात के दामाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के मद्देनजर सिंधिया स्कूल को दुल्हन की तरह सजाया गया। पीएम मोदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्वालियर की ये धरती पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली है। ग्वालियर से मेरा विशेष नाता है, एक तो में काशी का सांसद हूं और काशी का संरक्षण करने में सिंधिया परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज काशी का विकास हो रहा है, उसे देखकर गंगाबाई और महाराज माधोराव की आत्मा प्रसन्न हो रही होगी। ग्वालियर से मेरा दूसरा नाता भी है, ज्योतिरादित्य सिंधिया हमारे गुजरात के दामाद हैं। इसलिए मेरा उनसे दूसरा रिश्ता है। मेरा गांव तत्कालीन गायकबाड़ रियासत का गांव था और उन्होंने पहला प्राथमिक स्कूल बनवाया था, उसमे मैंने मुफ्त में शिक्षा ग्रहण की थी।

### पीएम ने गिनाए अपनी सरकार के काम

मोदी ने कहा कि सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया। पूर्व फौजियों को वन रैंक वन पेंशन दी। जीएसटी को लागू किया। तीन तलाक के खिलाफ भी कानून हमारी सरकार के दौरान बनाया। कुछ सप्ताह पहले महिलाओं के लिए आरक्षण अधिनियम को लागू किया। कोशिश यही है कि नई पीढ़ी के लिए देश में एक सकारात्मक माहौल बने। एक ऐसा माहौल जिसमें आपकी पीढ़ी के पास अवसरों की कमी न हो। ऐसा माहौल हो कि देश का युवा बड़े सपने देखे और प्राप्त करे।

### 25 साल में देश को विकसित राष्ट्र बनाएं

मोदी ने कहा कि हमें संकल्प लेना है कि अगले 25 सालों में देश को विकसित बनाकर दिखाएंगे। यह भारत की युवा पीढ़ी को करना है। मुझे आपके सामर्थ्य पर विश्वास है। 25 साल आपके लिए जरूरी है, उतने ही भारत के लिए जरूरी हैं। यह सोच कर काम करें कि मैं बनाऊंगा विकसित भारत। मैं देश पहले की सोच की तहत काम करूंगा।

### आज भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं

पीएम मोदी ने कहा, आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। आज भारत ग्लोबल फिनटेक एडॉप्शन रेट में नंबर 1 पर है... आज ही गगनयान के क्रू एस्केप सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया...। आज भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

## भाजपा सांसद का सवाल...

# मोइत्रा भारत में थीं, तो लॉगिन का इस्तेमाल दुबई से कैसे हुआ?

एजेंसी | नई दिल्ली

रिश्वत लेकर सवाल पूछने के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा के संसदीय लॉगिन आईडी को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने दावा किया कि जब महुआ मोइत्रा भारत में थी तो उनका लॉगिन आईडी दुबई से इस्तेमाल किया जा रहा था। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने जांच एजेंसियों को यह जानकारी दी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए मोइत्रा पर हमला करते हुए उन्होंने लिखा, एक सांसद ने चंद पैसों के लिए देश की सुरक्षा को गिरवी रख दिया। हैरत की बात तो तब है जब वह भारत में थी तो उनकी सांसदीय आईडी दुबई से लॉगिन की गई।



### टीएमसी महासचिव कुणाल घोष का टिप्पणी से इनकार

तृणमूल कांग्रेस के पश्चिम बंगाल राज्य महासचिव कुणाल घोष ने मोइत्रा के मामले में पूछे जाने पर कहा,.कोई कमेंट नहीं। इस मुद्दे पर टीएमसी कुछ नहीं कहेगी, इसका जवाब संबंधित व्यक्ति दे सकता है, टीएमसी पार्टी नहीं। इसी के साथ उन्होंने कहा, हम मामले पर नजर बनाए हुए हैं लेकिन अभी कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। इस बीच, बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा है कि मोइत्रा के खिलाफ आरोप 'संसदीय प्रणाली को पूरी तरह से संकट में डालने' की ओर इशारा करते हैं।

## कनाडाई राजनयिकों की वापसी का मामला

# ब्रिटेन और अमरीका चिंतित

एजेंसी | लंदन

ब्रिटेन सरकार ने कनाडा के कई राजनयिकों वापस भेजने के भारत सरकार के फैसलों पर अपनी असहमति व्यक्त की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वह भारत से कनाडाई राजनयिकों की वापसी से चिंतित है। एक सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच जारी गतिरोध के मद्देनजर कनाडाई राजनयिकों को नई दिल्ली से वापस जाना पड़ा है। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय के एक बयान में शुक्रवार को कहा गया कि इस कदम से राजनयिक संबंधों को लेकर वियना संधि के प्रभावी अमल पर असर पड़ा है। इससे पूर्व कनाडा ने कहा कि उसने कनाडा में सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या में भारतीय एजेंट के शामिल होने के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के दावों पर तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों के बीच राजनयिकों का दर्जा एकतरफा रद्द करने के संबंध में भारत की चेतावनी के बाद 41 राजनयिकों को वापस बुला लिया है। एफसीडीओ के बयान में कहा गया, मतभेदों को सुलझाने के लिए संबंधित राजधानियों में संवाद और राजनयिकों की आवश्यकता होती है। हम भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों से सहमत नहीं हैं जिनके परिणामस्वरूप कई कनाडाई राजनयिकों को भारत छोड़ना पड़ा।

### महिलाओं के लिए खरीदी जाएंगी 5600 बसें

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक की सरकार महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देती है। कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शक्ति योजना बनाई। शक्ति योजना को मिली सफलता और जनता की प्रतिक्रिया से प्रेरित होकर सीएम ने अधिकारियों को राज्य सड़क परिवहन निगम के लिए 5,600 और बसें खरीदने का निर्देश दिया है।

### सैन्य विरासत महोत्सव



*नई दिल्ली। भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव के पहले संस्करण का शनिवार को उद्घाटन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।*

## गगनयान मिशन: अंतरिक्ष में बड़ी उड़ान

# पहले रोबोट 'व्योम मित्र' और फिर मानव को अंतरिक्ष में भेजेगा भारत

एजेंसी | नई दिल्ली/बेंगलुरु



चंद्रयान-3 की चन्द्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा शनिवार को गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक लॉन्च करने से भारत के भविष्य में दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष ताकत बनने की राह और आसान हो गई है। अब इसरो की नजर गगनयान मिशन पर है जिसके तहत तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा। यदि यह मिशन सफल होता है, तो भारत, रूस, चीन और अमेरिका जैसे देशों वाली एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। अंतरिक्ष में मानव भेजने से पहले इसमें 'व्योम मित्र' नाम की महिला रोबोट को भेजा जाएगा जिसके शरीर पर एयर प्रेशर, हीट इफेक्ट और अन्य चुनौतियों को समझा जाएगा। उसके मुताबिक भारत के अंतरिक्ष यात्रियों को तैयार किया जाना है। मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्रियों को बेंगलुरु के एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग फैसिलिटी में खास ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्हें फिजिकल, क्लासरूम, फिटनेस, सिम्युलेटर व फ्लाइट सूट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें भारतीय वायुसेना के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है।

### 90.23 अरब रुपए का है बजट आवंटित

भारत सरकार ने मिशन गगनयान के लिए 90.23 अरब रुपए का बजट आवंटित किया है. मिशन की सफलता के बाद वर्ष 2035 तक अंतरिक्ष में भारत का अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है। 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत तक अंतरिक्ष में मिशन गगनयान के तहत यात्रियों को भेजा जाना है। उसके पहले कई दौर की टेस्टिंग होगी।

### कई चरणों में पहुंचेगा सफलता के मुकाम तक

गगनयान मिशन को कई चरणों के जरिए सफलता के अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। इसरो ने बताया कि गगनयान में क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) सबसे खास है। परीक्षण वाहन टीवी-डी1 का प्रक्षेपण गगनयान कार्यक्रम के चार मिशनों में से पहला है। इसके बाद दूसरा परीक्षण वाहन टीवी-डी2 मिशन और गगनयान (एलवीएम3-जी1) का पहला मानव रहित मिशन होगा। परीक्षण वाहन मिशन (टीवी-डी3 और डी4) की दूसरी श्रृंखला और रोबोटिक पेलोड के साथ एलवीएम3-जी2 मिशन की अगली योजना बनाई गई है। चालक दल मिशन की योजना सफल परीक्षण वाहन के नतीजे और उन मिशनों के आधार पर बनाई गई है जिनमें कोई चालक दल नहीं है।

### यह हैं मिशन के अहम चरण

- यह पूरी तकनीक स्वदेशी है और इसरो के साथ मिलकर भारत की तकनीकी कंपनियों ने इन्हें विकसित किया है. इसकी सफलता भविष्य में भारत की स्वदेशी स्पेस नेविगेशन, रिमोट सेंसिंग, रिमोट ड्राइविंग, रिमोट नेविगेशन जैसी स्वदेशी तकनीक में नई इंडस्ट्रीज के द्वार खुलेंगे।
- गगनयान में क्रू एस्केप सिस्टम एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रणाली है। यदि रॉकेट को कुछ भी होता है, तो रॉकेट के विस्फोट में जलने से पहले कम से कम दो किमी दूर चालक दल को ले जाकर बचाना है। इसलिए यह परीक्षण क्रू मेंबर्स के एस्केप की प्रणाली को प्रदर्शित करने के लिए है। इसे ट्रांसोनिक स्थिति कहा जाता है।
- गगनयान का क्रू मॉड्यूल इतना आधुनिक है कि इसमें कई तरह की खास सुविधाएं हैं। जैसे नेविगेशन सिस्टम, फूड हीटर, फूड स्टोरेज, हेल्थ सिस्टम और टॉयलेट आदि। यह अंतरिक्ष यात्रियों की सुविधा के लिए विकसित किए गए हैं।

## जवाहर कला केंद्र में दशहरा नाट्य उत्सव में जीवंत हुए रामायण के कई प्रसंग

# मंच पर वचनबद्ध पिता की विवशता ने कर दिया दर्शकों को भाव-विभोर

**बेधड़क.जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित दशहरा नाट्य उत्सव में एक तरफ राज्य में राम के राज्याभिषेक की तैयारियों की वजह से हर ओर उत्सव का माहौल था तो दूसरी ओर राजमहल में रानी कैकई के दो वचनों के समक्ष विवश राजा दशरथ थे। केन्द्र की स्वगृही लोक नाट्य प्रस्तुति के दौरान मध्यवर्ती के मंच पर अभिनय के रंग से ऐसे ही विभिन्न प्रसंगों को उकेरा गया। राम गीत के साथ प्रस्तुति की शुरुआत हुई। मंच पर संबंधों और भावनाओं का ताना-बाना कलाकारों ने बुना। मंथरा की कुटिल सोच के प्रभाव में कैकई ने धरोहर के तौर पर राजा दशरथ के पास सुरक्षित अपने 2 वचन मांग लिए। परिणाम स्वरूप राम को 14 बरस का वनवास और भरत के भाग्य में लिखा गया अयोध्या का राज। राम के राजतिलक का स्वपन देख रहे दशरथ पर यह वज्रपात जैसा साबित हुआ। पिता की स्थिति को जान राम सहज ही वनगमन को तैयार हो जाते हैं। राम और दशरथ के बीच संवाद से दर्शक भावुक होते हैं तो राम और लक्ष्मण और फिर राम और भरत की वार्ता भाइयों के बीच प्रेम को दर्शाती है।





### भवसागर पार कराओ तो कराएं गंगा पार

राम और केवट के बीच प्रस्तुत संवादों ने वाहवाही बटोरी। केवट ने राम से गंगा पार कराने के किराए के रूप में भवसागर से पार लगाने की बात कह कर शालीनता से अपनी बात मनवा ली। केवट प्रसंग में हैया हो हैया... जीवन नैया खेवन हारे रे भैया.. गाने की प्रस्तुति ने नाट्य की सुंदरता व रोचकता को और भी बढ़ा दिया।

### रुचिर रूप धरि प्रभु पहिंजाई...

पंचवटी में लक्ष्मण पर मोहित शूर्पणखा के संवादों ने तालियां बटोरी। रुचिर रूप धरि प्रभु पहिंजाई, बोली बचन बहुत मुसुकाई कहते हुए शूर्पणखा ने राम और लक्ष्मण की प्रशंसा की। वहीं, राम और लक्ष्मण पर मोहित शूर्पणखा को नाक गंवानी पड़ी। शूर्पणखा रावण के पास पहुंचकर जनक नंदिनी के सौंदर्य का बखान करती है। सीता के सौंदर्य का वर्णन सुन रावण सीता हरण की प्रतिज्ञा लेता है।



### इन कलाकारों ने किया जीवंत अभिनय

मुख्य किरदारों की बात करें तो नितिन सैनी, जय सोनी, अंजलि सक्सेना, राहुल शर्मा, प्रेरण पूनिया, अभिषेक कुमार, प्रियांशु पारीक, आयुश शर्मा और चारु भाटिया ने क्रमश: राम, लक्ष्मण, सीता, दशरथ, कैकेई, भरत, मंथरा, रावण और शूर्पणखा की भूमिका निभाई। प्रियांशु, हिमांशु, अभिषेक, अक्षत, रिमझिम, झनक और मनु शर्मा ने चौपाइयां, दोहे और घनाक्षरी का गायन किया। वहीं मयंक शर्मा ने हारमोनियम, महेन्द्र डांगी ने तबला, हरिहर शरण भट्ट ने सितार, अमीरुद्दीन ने सारंगी और मुकेश खांडे ने ऑक्टोपैड पर संगत की।

## स्टूडेंट्स ने खनकाए डांडिया



**बेधड़क. जयपुर।** मुरलीपुरा के रोड नम्बर पांच पर स्थित अचीवर्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को डांडिया का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी छात्र ट्रेडिशनल ड्रेस में आए और विद्यालय प्रांगण में मां भगवती के भजनों पर डांडिया नृत्य किया। जूनियर सेक्शन और सीनियर सेक्शन में अलग-अलग किए गए आयोजनों में सभी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने फेवरेट भजनों पर जमकर नृत्य किया।

## शिक्षिकाओं ने खनकाए डांडिया



**बेधड़क. जयपुर।** गर्ल्स ने कैंपस में डांडिया खेलते हुए गेट-टू-गेदर किया। ये थीं कानोड़िया पीजी गर्ल्स कॉलेज की गर्ल्स, जिन्होंने डांडिया उत्सव-2023 में हिस्सा लिया। 2500 छात्राओं और टीचर्स ने बॉलीवुड व गुजराती गानों से उत्सव मनाया। इस दौरान हुईं विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने क्रिएटिविटी दिखाई और टाइटल जीते। बेस्ट डांडिया ड्रेस निकिता, बेस्ट हेयर दिविशा गुप्ता, बेस्ट जूलरी अनुभूति, बेस्ट डांसर आरोही व डांडिया क्वीन अंबिका को चुना गया। ऐसे ही टाइटल्स टीचर्स को भी दिए गए। उत्सव में नृत्य प्रतियोगिता के तहत 6 टीमों ने भाग लिया, जिसमें विजेता टीम बीटी कोटंस रही। प्रिंसिपल डॉ. सीमा अग्रवाल, वाइस प्रिंसीपल डॉ. सुनीता माथुर, डॉ. रंजुला जैन, डॉ. मनीषा माथुर व डॉ. रंजना अग्रवाल व निर्णायकों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## भारतीय दल हांगझोऊ रवाना



**बेधड़क. जयपुर।** हांगझोऊ (चीन) में आयोजित होने जा रहे चौथे एशियन पैरा गेम्स में भाग लेने के लिए भारतीय ऑफिशियल दल रवाना हुआ। दल के साथ दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के सचिव हिम्मत सिंह गुर्जर भी रवाना हुए।

## City इवेंट्स

### मां की स्तुति में बच्चों ने खनकाए डांडिया



**बेधड़क. जयपुर।** नवरात्रि पर हर ओर मां की स्तुति गरबा से की जा रही है तो बच्चे कहां पीछे रहते। ऐसे में उन्होंने भी डांडिया खनकाते हुए गरबा रास किया। ये थे राइज एंड रन प्री-प्राइमरी स्कूल में डांडिया नाइट में हिस्सा लेने वाले बच्चे। डायरेक्टर डॉ. भारती खत्री ने बताया, कि बच्चों ने डान्स-मस्ती के साथ गेम्स खेले। साथ ही उनको प्राइज देकर सम्मानित और मोटिवेट किया गया। डांसर हार्दिक कानजानी रहा तो मोस्ट एक्टिव नितिन चौधरी रहा और बेस्ट कॉस्ट्यूम बॉय देवांश कपूर रहा।

### रेसिलिएंस में 60 आर्टवर्क डिस्प्ले



**बेधड़क. जयपुर।** पावर ऑफ चॉइस, लोटस सूत्रा, पावर ऑफ माइंडफुलनेस, डॉन जैसी थीम्स पर बनी कलाकृतियों से आर्टिस्ट ने आंतरिक शांति व सकारात्मक सोच की अहमियत और ताकत को कैनवास पर उतारा। आर्टिस्ट वर्षा तनेजा की ओर से आयोजित एग्जीबिशन 'रेसिलिएंस - द कोर ऑफ स्ट्रेंथ विदिन यू' में 60 आर्ट वर्क्स डिस्प्ले किए। लकड़ी व कैनवास पर मिक्स मीडिया पर ऑइल, सीमेंट, गौज टेप और एक्रेलिक रंगों से ह्यूमन-एनीमल फेसेज पर शैडो के साथ एक्सपेरिमेंट किया है।

### अवतरण दिवस उत्सव शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** भट्टारकजी की नसियां में आचार्य सौरभ सागर महाराज के 53वें अवतरण दिवस पर दो दिवसीय महोत्सव की शुरुआत हुई। सौरभ सागर सेवा समिति संस्थान गाजियाबाद उत्तर प्रदेश, श्रीसौरभमयी सिद्धचक्र प्रभावना समिति और श्रीपुष्पवर्षा योग समिति प्रताप नगर जयपुर ने विभिन्न आयोजन किए। मुख्य आयोजन रविवार को मनाया जाएगा, जिसमें 14 परोपकार किए जाएंगे।

## म्यूजिकल सेलिब्रेशन कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

# करवा चौथ पार्टी में ग्रुप संग सेलिब्रेट करेंगी 300 लेडीज




**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्स करवा चौथ को उत्सव की तरह सेलिब्रेट करेंगी। साथ ही परम्परा को अनूठे और मॉडर्न अंदाज में निभाएंगी, क्योंकि अब सिर्फ छत पर खड़े होकर मात्र चांद नहीं देखेंगे, बल्कि लेडीज ग्रुप में एक साथ एक प्लेटफॉर्म पर होंगी और करवा चौथ को डांस व म्यूजिक के साथ मनाएंगी।

मौका होगा 29 अक्टूबर को आमेर रोड स्थित होटल जयपुर हेरिटेज में करवा चौथ पार्टी-2023 का, जिसमें जयपुर से 300 महिलाएं एक साथ सेलिब्रेशन करेंगी। नीतूस मेकओवर की ओर से होने वाली पार्टी के बारे में ओनर नीतू कपूर ने बताया कि करवा चौथ तो सभी मनाते हैं, लेकिन हमने जयपुराइट्स के लिए स्पेशल इंतजाम किए हैं।

इसमें लेडीज को इनवाइट किया गया है, जो विभिन्न टाइटल्स भी पाएंगी। इसके लिए कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन आचार्य हिमानी शास्त्री, रेखा सोनी, पूजा गुप्ता और नीतू कपूर द्वारा अल्बर्ट हॉल पर किया गया। उनको कई गेम्स खिलाए जाएंगे और ग्रुप डांस, ग्रुप पूजा व आरती के साथ उनको बारी-बारी बुलाकर उनकी जर्नी पूछी जाएगी। अनुभव बांटते हुए सभी बॉडिंग और दोस्ती भी बढ़ाएंगी। इवेंट को मनीष कपूर मैनेज करेंगे। उन्होंने बताया कि हमारा मानना है कि लेडीज दिवाली की सफाई और घर के मैनेजमेंट के चक्कर में स्वयं को भूल जाती हैं। ऐसे में उनको एक प्लेटफॉर्म देकर 5 घंटे उनके लिए दिए जाएंगे, जिसमें वे खुद के लिए जीएंगी।

## मंच पर ओमकारा के साथ नाटक में सोशल मैसेज

# कालचक्र की प्रस्तुति ने समय की महिमा को किया साकार



**बेधड़क | जयपुर**

स्टेज पर जब युवाओं के साथ गाइडेंस देने वाले आए तो परफॉर्मेंस निखरकर आई। ओमकारा की ऐसी गूंज हुई कि सामने बैठे साथी भी जोश में साथ-साथ गाने लगे।

ये अनूठा नजारा जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में दिखाई दिया जब मालवीय नगर स्थित मालवीय कॉन्वेंट स्कूल के एनुअल फंक्शन में युवाओं ने जोश भर प्रस्तुति दी। इस दौरान बच्चों डांस में क्रिएटिविटी दिखाई तो सिंगिंग भी उनकी रंग जमा गई। इसके बाद उन्होंने नाटक और कविताओं में कई सामाजिक मैसेज भी दिए।

इस दौरान कालचक्र की जबरदस्त प्रस्तुति ने समय की महिमा को साकार कर दिया। वहीं मराठा, गरबा, भांगड़ा, चोला, मातरगश्ती पर जबरदस्त कदमताल पर ऑडिटोरियम तालियो की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान जब विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया तो सामने बैठे गार्जियंस भावुक हो उठे। प्रोग्राम के चीफ गेस्ट एड. एसपी महेंद्र शर्मा, गोविंद छिपा, रामप्रसाद शर्मा, जयश्री गर्ग, अमित व्यास, अंकित बंसल, रूपों काला, मनिंदर बागा, विमल सरदाना, डॉ. विवेक शर्मा उपस्थित रहे।

स्कूल संस्थापक राजीव अरोड़ा, डॉ. जितेंद्र मक्कड़, सचिव शशि कपूर, प्रिंसिपल श्वेतिका कपूर ने संबोधित किया। स्कूल निदेशक सन्नी कपूर ने गेस्ट का वेलकम किया।

**JKK** ओपन एयर मंच पर हजारों लोगों के सामने प्रस्तुत किए नाटक

# युवाओं ने अनूठे अंदाज में दिखाई चंद्रयान की सफलता

**बेधड़क | जयपुर**

खुले आसमां के नीचे हजारों गेस्ट के सामने ओपन एयर मंच से जब वादय यंत्रों की कर्णप्रिय मधुर ध्वनियां आईं तो हर कोई उत्पन्न जादुई प्रभाव उत्पन्न में खो गया। वाद्य-वादन की प्रस्तुति से युवाओं का परिश्रम झलक रहा था। इस दौरान हैड गर्ल नेहल शर्मा ने गेस्ट के सम्मान में वेलकम स्पीच दी। ये अनूठा नजारा था जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल के एनुअल फंक्शन और प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन इवेंट का जयश्री पेड़ीवाल इन्टरनेशनल स्कूल महापुरा कैंपस में शुभारंभ वाद्य-यंत्र वादन से हुई। विद्यालय के शैक्षिक निदेशक आयुष पेड़ीवाल व आकृति पेड़ीवाल ने प्रभावशाली तरीके से अभिभावकों को सम्बोधित किया। आयुष पेड़ीवाल ने विद्यलय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें विद्यालय की वर्ष भर की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया गया। पुरस्कार वितरण के बाद चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की गई उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए युवाओं को फ्यूचर के लिए विशेज दीं। इस दौरान जब युवाओं ने अलादीन नाटक प्रस्तुत किया तो हर कोई अचंभित रह गया। नाटक में जादू, नृत्य, हास्य का समावेश था, जिसने दर्शकों को बांधे रखा। इसके जरिए सीख दी गई, कि हमें अपनी शक्तियों का सही दिशा में उपयोग करना चाहिए और आप जैसे हैं वैसे ही ईमानदार बने रहें। स्टूडेंट्स ने कुछ विशेष मुद्दे महिला सशक्तिकरण, चंद्रयान-3 की सफलता व वसुधैव कुटंकम् व परिवार में व समाज में बुजुर्गों की अहमियत आदि को समक्ष रखा। समापन हैड बॉय कबीर वर्मा ने किया और राष्ट्र गीत गायन हुआ।



पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, रविवार, 22 अक्टूबर, 2023





अपने हिस्से की खुशियों में से कुछ खुशियां बांटकर जो मुस्कुराया है। यकीन मानिए, उसे परमात्मा ने समय समय पर हर संकट से बचाया है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**इजराइल के इरादे:** बोले इजराइली रक्षा मंत्री गैलेंट- पहले हमास को करेंगे पूरी तरह तबाह, फिर गाजा में नया शासन

# हिजबुल्लाह जुड़ गया हमास के साथ



**एजेंसी** | तेल अवीव


इजराइल और फिलिस्तीनी आतंकी समूह हमास के बीच युद्ध शनिवार को लगातार 15वें दिन में प्रवेश कर गया। हमास के हमलों में 1,400 से अधिक इजराइली मारे गए हैं, जबकि फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइल की जवाबी कार्रवाई में कम से कम 4,137 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

हमास को खत्म करने की कसम खाने के बाद इजराइल गाजा पट्टी पर हवाई हमले कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि 1,40,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और लगभग 13,000 पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। ये आंकड़ा गाजा में सभी घरों का लगभग एक तिहाई है। फिलहाल ये जंग शांत होने वाली नहीं है। बता दें कि इजराइल गाजा पर बड़ी कार्रवाई की योजना बना चुका है। यहूदी देश कभी भी गाजा में जमीनी आक्रमण शुरू कर सकता है।

इस बीच खबर है कि ईरान समर्थित हमास के साथ अब एक और आतंकी संगठन हिजबुल्लाह भी जुड़ गया है। इस पर इजराइल के रक्षा मंत्री ने शनिवार को कहा कि हिजबुल्लाह इसके लिए "भारी कीमत चुकाएगा।"

## हमास की सैन्य क्षमताओं को करेंगे पूरा नष्ट

इजराइल ने एक बार फिर गाजा पट्टी के उन इलाकों को निशाना बनाकर बमबारी की, जहां फिलिस्तीनियों को शरण लेने के लिए कहा गया था। इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा कि गाजा में आतंकी समूह हमास का सफाया करने के बाद यहां पर एक तरह का 'नया शासन' लागू किया जाएगा। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने देश के सांसदों को जानकारी देते हुए यह टिप्पणी की। गैलेंट ने कहा कि इजराइल को उम्मीद है कि हमास के साथ उसके युद्ध के तीन चरण होंगे। इसका मकसद हमास की सरकारी और सैन्य क्षमताओं को नष्ट करके उसे तबाह करना है।



## अमेरिकी मां-बेटी को किया रिहा

इजराइल पर 7 अक्टूबर के हमले के बाद बंधक बनाए गए लोगों में से दो अमेरिकी नागरिकों को शुक्रवार को रिहा कर दिया। इनमें एक 59 साल की मां और उनकी 17 साल की बेटी हैं। रिहा किए जाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को उनसे फोन पर बातचीत की और उनका हाल पूछा। बाइडेन ने एक्स पर लिखा, "मैंने हमास द्वारा रिहा किए गए दो अमेरिकियों से बात की। मैंने उन्हें बताया कि उनकी सरकार पूरी तरह से उनका समर्थन करेगी।"



**पाक:** चीनी मदद से बना रहा था बैलिस्टिक मिसाइल

# अमेरिका ने लगा दिया बैन

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान और चीन की दोस्ती को अमेरिका ने जोर का झटका दे दिया है। भारत की बराबरी करने की कोशिश कर रहा पाकिस्तान लंबे समय से चीनी माल पर भरोसा करता आ रहा है। पाकिस्तान बैलिस्टिक मिसाइल बनाने के लिए भी चीन से माल की सप्लाई कर रहा था। इसकी भनक लगते ही अमेरिका ने बड़ा कदम उठाया है।

भारत के करीबी देश अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए मिसाइलों से जुड़े पुर्जों की आपूर्ति करने के वास्ते तीन चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि ये प्रतिबंध वैश्विक अप्रसार व्यवस्था के तहत लगाए गए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'आज, हम कार्यकारी आदेश 13382 के अनुसार तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा रहे हैं जो सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसारकों और उनके वितरण से जुड़ी हैं। यह तीनों कंपनियां चीन की हैं और इन्होंने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के मिसाइल से जुड़े पुर्जों एवं उपकरणों की आपूर्ति की है।'



## ईरान पर भी लगाया जा चुका है प्रतिबंध

इससे पहले बाइडेन सरकार ने ईरान पर भी प्रतिबंध लगाए थे। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन प्रोग्राम के खिलाफ यह प्रतिबंध थे। संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध खत्म होने के अगले ही दिन अमेरिका ने यह कदम उठाया। अमेरिका मे 11 लोगों, 8 इकाइयों और एक जहाज पर प्रतिबंध लगाए। जिन-जिन पर प्रतिबंध लगाए गए हैं उनके संबंध हांगकांग, वेनेजुएला और चीन से जुड़े हैं। यह ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रम में मदद करते हैं।

## अबाबील के प्रक्षेपण के तुरंत बाद एक्शन

पाकिस्तान का चीन सदाबहार सहयोगी है जो इस्लामाबाद के सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए हथियारों और रक्षा उपकरणों का मुख्य आपूर्तिकर्ता रहा है। चीन की तीनों कंपनियां जो पाक को सहयोग कर रही हैं, वे हैं जनरल टेक्नोलॉजी लिमिटेड, बीजिंग लुओ लुओ टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड और चांगझौ यूटेक कंपोजिट कंपनी लिमिटेड। यह प्रतिबंध पाकिस्तान के अबाबील बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली के प्रक्षेपण के कुछ दिनों बाद लगाए गए हैं।

**ब्रिटेन में चार साल का आत्म-निर्वासन खत्म!**

# पूर्व पीएम नवाज शरीफ लौटे पाकिस्तान

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ अपनी पार्टी का नेतृत्व करने और जनवरी में संभावित आम चुनाव में रिकॉर्ड चौथी बार सत्ता में आने के प्रयास के तहत ब्रिटेन में चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद शनिवार को विशेष विमान से दुबई से स्वदेश लौट आए।



पीएमएल-एन के सुप्रीमो 73 वर्षीय नेता विशेष विमान 'उम्मीद-ए-पाकिस्तान' से दुबई से इस्लामाबाद पहुंचे। उनके साथ उनके परिवार के सदस्य, पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मित्र थे।

इससे पहले दुबई हवाई अड्डे पर शरीफ ने पत्रकारों से कहा कि देश में हालात 2017 की तुलना में कहीं अधिक बिगड़ गए हैं, जब सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अयोग्य घोषित किया था और बाद में भ्रष्टाचार के दो मामलों में दोषी करार दिया था।

उन्होंने कहा, 'हालात 2017 से बेहतर नहीं हैं... और यह सब देखकर मुझे दुख होता है कि हमारा देश आगे बढ़ने के बजाय पीछे चला गया है।' पाक मीडिया ने नवाज के हवाले से कहा, 'पाकिस्तान में स्थिति बहुत खराब है और यह बहुत चिंताजनक है।'

## US: एच1बी वीजा कार्यक्रम में होगा बदलाव!

**वाशिंगटन।** बाइडेन के प्रशासन ने एच1बी विदेशी कर्मचारी कार्यक्रम में बदलाव का प्रस्ताव रखा है, जिसका मकसद पात्रता को युक्तिसंगत बनाकर दक्षता में सुधार करना, एफ-1 छात्रों, उद्यमियों और गैर-लाभकारी निकायों के लिए काम करने वाले लोगों को अधिक लचीलापन प्रदान करना और अन्य प्रवासी कर्मचारियों के लिए बेहतर स्थिति सुनिश्चित करना है।

**शादी समारोह के लिए सुपर डेस्टिनेशन**

# भारतीयों की नई पसंद ओमान

**एजेंसी** | मस्कट

ओमान में विभिन्न स्थानों पर भारतीयों के विवाह समारोह आयोजित करने के मामलों में पिछले साल की तुलना में दोगुनी वृद्धि हुई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओमान सल्तनत के विरासत एवं पर्यटन मंत्रालय के एक प्रतिनिधि ने कहा कि ओमानी अधिकारियों ने देश को भारतीय शादियों के लिए एक सुंदर और आकर्षक स्थान के रूप में स्थापित करने की तैयारी कई साल पहले ही शुरू कर दी थी।

बज ट्रैवल टूरिज्म के कंट्री मैनेजर अर्जुन चड्ढा ने कहा, "ओमान नजदीक है और अन्य पसंदीदा स्थलों की तुलना में भारत के लिए बेहतर एयरलाइन कनेक्टिविटी है। यह भारतीय शादियों में शामिल होने के लिए यूरोप और दुनिया के अन्य हिस्सों से आने वाले आगंतुकों के लिए भी एक आदर्श स्थान है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक स्थलाकृति, आतिथ्य के मामले में वैश्विक पहचान और बेहतरीन बुनियादी ढांचे के चलते सलालाह सबसे अधिक मांग वाले स्थलों में से एक है।

**सूर्य से जुड़ा बड़ा रहस्य**


# सूरज पर दिखी सांप जैसी आकृति

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

पृथ्वी के सबसे करीब का सितारा सूर्य से जुड़ा एक रहस्य है, जिसे वैज्ञानिक अभी तक नहीं सुलझा पाए हैं। वह यह कि सूर्य का बाहरी वातावरण जिसे कोरोना कहा जाता है वह अपने नीचे की परतों की तुलना में इतना गर्म क्यों है?

इसे कोरोनल हीटिंग समस्या कहा जाता है, लेकिन अब सौर वैज्ञानिक मान रहे हैं कि शायद वे इसके खुलासे के एक कदम और करीब पहुंच रहे हैं।

यह दावा हवाई में पृथ्वी की सबसे शक्तिशाली सौर दूरबीन डेनियल के. इनौये सोलर टेलीस्कोप (DKIST) से कई देशों के वैज्ञानिकों की टीम ने सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र का विस्तार से अवलोकन के बाद किया गया।



## 10 लाख डिग्री तक तापमान

कोरोनल हीटिंग दशकों से शोधकर्ताओं को परेशान करता रहा है। सूर्य के आवेशित परमाणुओं का फैला हुआ बादल कोरोना बनाता है, जिसका तापमान 10 लाख डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तक पहुंच सकता है, जबकि सूर्य की सतह फोटोस्फेयर 6 हजार डिग्री सेल्सियर होती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यहां तारकीय मॉडल का नियम सही से काम नहीं कर रहा। सूर्य की गर्मी न्यूक्लियर फ्यूजन से पैदा होती है। बहरहाल, उम्मीद है जल्द ही वैज्ञानिक किसी परिणाम पर पहुंचेंगे।

## रहस्य जानने के करीब पहुंचे वैज्ञानिक

दरअसल, इस अवलोकन में उन्हें सूर्य के निचले वायुमंडल क्रोमोस्फीयर में चुंबकीय क्षेत्र में सांपों की आकृति वाले ऊर्जा पैटर्न मिले हैं। यही हमारे तारे के वायुमंडल की बाहरी परतों तक ऊर्जा पहुंचा सकते हैं। यूके की शेफील्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और इस रीसर्च के को-इन्वेस्टिगेटर रॉबर्टस एर्डेली ने कहा, 'इस रिसर्च का धन्यवाद, हम अपने जीवन देने वाले सितारे सूर्य को समझने के एक कदम और करीब हो सकते हैं।'




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl